दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



ताज जीतने के 50 साल ......

मैने करवा...

वर्ष : 12 | अंक : 195 | लखनऊ, 09 जुलाई, गुरूवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप

### देवघर में 30 एकड़ में बनेगा भव्य कॉरिडोर

देवघर। बाबा बैद्यनाथ धाम विश्वस्तरीय धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा।



बाबाधाम में अयोध्या की तर्ज पर मंदिर परिसर के आसपास 30 एकड़ में सुव्यवस्थित और भव्य कॉरिडोर विकसित होगा। नया कॉरिडोर बेहतर यातायात व्यवस्था, पैदल यात्रियों के लिए विशेष क्षेत्र और आधुनिक तीर्थ सुविधाओं से लैस होगा। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद एनआइटी पटना बाबा बैद्यनाथ धाम मंदिर परिसर के व्यापक विकास का खाका बना रहा है। योजना के पहले चरण में करीब 30 एकड़ क्षेत्र में मंदिर कॉरिडोर विकसित करने का प्रस्ताव है। बाबाधाम को देवघर के चार प्रमुख प्रवेश मार्गों से जोड़ने की तैयारी है। इसके लिए अलग-अलग तीर्थयात्री पहुंच मार्ग विकसित किए जाएंगे। सूत्रों के अनुसार, कॉरिडोर विकास योजना को तीन चरणों में पूरा करने की तैयारी है। दूसरे चरण में करीब 40.24 एकड़ क्षेत्र में रणनीतिक विकास कार्य होंगे। 83.70 एकड़ क्षेत्र में फैले ऐतिहासिक जल निकायों के संरक्षण और पुनर्जीवन की योजना भी बनाई गई है।

### 3.66 लाख महिलाओं के खातों में पहुंचे 275 करोड़ रु.

रांची। रांची जिले की 3.66 लाख से अधिक महिलाओं को मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ मिला है। अप्रैल से जून 2026 तक



की सम्मान राशि एकमुश्त उनके बैंक खातों में 275 करोड़ रुपये से अधिक हस्तांतरित की गई है। यह राशि महिलाओं के सामाजिक आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत रांची जिले की लाखों महिलाओं को राहत मिली है। जिला प्रशासन ने अप्रैल, मई और जून 2026 की तीन माह की सम्मान राशि का एकमुश्त भुगतान लाभुकों के बैंक खातों में कर दिया है। आधार आधारित डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से जिले की 3 लाख 66 हजार 664 महिला लाभुकों के खातों में प्रत्येक को 7,500 रुपए की दर से कुल 274 करोड़ 99 लाख 80 हजार रुपए हस्तांतरित किए गए हैं। अनुसार योजना का लाभ जिले के लगभग सभी प्रखंडों और शहरी क्षेत्रों की पात्र महिलाओं तक पहुंच चुका है।

# लखनऊ में एएआई के पहले एबी-इनिशियो इलेक्ट्रॉनिक्स प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार/लखनऊ,

लखनऊ स्थित भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण यानी एएआई के क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र में कनिष्ठ कार्यपालक प्रशिक्षुओं इलेक्ट्रॉनिक्स के पहले एबी-इनिशियो प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम देश में संचार, नेविगेशन और सर्विलांस यानी सीएनएस प्रणालियों के संचालन और अनुरक्षण के लिए उच्च दक्षता वाले तकनीकी मानव संसाधन तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन आईआईएम लखनऊ के निदेशक प्रोफेसर एमपी गुप्ता ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। उन्होंने अपने संबोधन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसी आधुनिक तकनीकों की बदलती भूमिका पर प्रकाश डालते हुए प्रशिक्षुओं को निरंतर सीखने और नवाचार अपनाने के लिए प्रेरित किया।

**एआई और आधुनिक तकनीक से तैयार होंगे भविष्य के एयरपोर्ट इलेक्ट्रॉनिक्स विशेषज्ञ**





### कुशल विमानन पेशेवर तैयार किए जाएंगे

इस अवसर पर आईएमडी के निदेशक डॉ. मनीष आर रानालकर, सीआईएसएफ के कमांडेंट विकास पांडे, एएआई लखनऊ के वरिष्ठ अधिकारियों और अन्य हितधारकों ने भी प्रतिभागियों को संबोधित किया। सीएनएस प्रभारी ए ए अंसारी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस पाठ्यक्रम में विमानन इलेक्ट्रॉनिक्स, एयर ट्रैफिक मैनेजमेंट, साइबर सुरक्षा, सुरक्षा प्रबंधन और आधुनिक विमानन तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे भविष्य के कुशल विमानन पेशेवर तैयार किए जा सकेंगे।

## मुख्यमंत्री ने आषाढ़ में शिक्षा परिवार पर की समृद्धि की बारिश

# सीएम योगी ने किया 12 लाख शिक्षणकर्मियों के लिए मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / लखनऊ,

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आषाढ़ मास में बाबा विश्वनाथ की धरा से उत्तर प्रदेश के 'शिक्षा परिवार' पर 'समृद्धि की बारिश' की। उन्होंने शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों, उनके आश्रितों, बच्चों, संविदा कर्मियों आदि को बड़ी सौगात दी। सीएम ने इसके साथ ही शिक्षकों से अपील की कि आप अनुशासित वातावरण बनाकर बच्चों को मेहनत व प्यार से पढ़ाकर गढ़िए।

देश का भविष्य अच्छा होगा तो हर नागरिक का भविष्य अच्छा हो जाएगा। स्कूल का वातावरण स्वच्छ, सुंदर, अनुशासित और आध्यात्मिक तेज से परिपूर्ण दिखे। आप बच्चों का ध्यान दें, सरकार आपका ध्यान रखेगी। हर बच्चा स्कूल जाए, यह नागरिकों, शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों का दायित्व है। सीएम ने सरकार के अन्य विभागों व निजी क्षेत्र से भी अपने कार्मिकों को सामाजिक सुरक्षा गारंटी देने को कहा।

1.10 करोड़ विद्यार्थियों की यूनिफॉर्म, जूता-मोजा, स्वेटर, स्कूल बैग, स्टेशनरी के लिए 1200 रुपए प्रति विद्यार्थी के हिसाब से अभिभावकों के खाते में 1320 करोड़ रुपए का किया अंतरण सीएम योगी ने बुधवार को 12 लाख शिक्षक/शिक्षणेत्तर कर्मचारियों व उनके आश्रितों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करने वाली मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री ने 1.10 करोड़ विद्यार्थियों की यूनिफॉर्म, जूता-मोजा, स्वेटर, स्कूल बैग, स्टेशनरी के लिए 1200 रुपए प्रति विद्यार्थी के हिसाब से उनके अभिभावकों के खाते में कुल 1320 करोड़ की धनराशि का अंतरण किया। इस अवसर पर 10 लाख शिक्षकों व संविदा कर्मियों को सामाजिक सुरक्षा कवच प्रदान करने के लिए भारतीय स्टेट बैंक के साथ एमओयू भी किया गया। यह कार्यक्रम प्रदेश भर में 404 स्थानों पर आयोजित किया गया।

*10 लाख शिक्षकों व संविदा कर्मियों को सामाजिक सुरक्षा कवच प्रदान करने के लिए भारतीय स्टेट बैंक के साथ एमओयू*



» **सीएम ने अन्य सरकारी विभागों व निजी क्षेत्र से भी अपने कार्मिकों को सामाजिक सुरक्षा गारंटी देने को कहा**

» **पिछली सरकार पर कसा तंज, कहा- यूपी के एक नेता कहते थे कि नकल हमारा जन्मसिद्ध अधिकार**

### बच्चे अबोध, उन्हें सही राह दिखाना हर शिक्षक का दायित्व

सीएम योगी ने बच्चों की दो यूनिफॉर्म, बैग, बुक, स्वेटर, जूता-मोजा आदि के लिए अंतरण की गई राशि का जिक्र कर शिक्षकों से कहा कि आपका दायित्व है कि विद्यालय स्वच्छ व अच्छा लगे। विद्यालय के आंतरिक अनुशासन को बनाए रखने के लिए बच्चे निर्धारित यूनिफॉर्म, जूते-मोजे, सर्दी में स्वेटर आदि पहनकर आएं। कल कुछ जगह छोटे बच्चे यूनिफॉर्म में ही बारिश में नहाते दिखे। बच्चे अबोध हैं, उन्हें सही राह दिखाना शिक्षकों का कर्तव्य और राष्ट्रीय दायित्व भी है। शिक्षक बच्चों को बताएं कि दोनों यूनिफॉर्म 3-3 दिन पहनें। खेलते समय दूसरे कपड़े पहनें और स्कूल से लौटकर वही जूते-मोजे पहनकर न खेलें। विद्यालयीय व सामान्य कामकाज के बारे में बताएंगे तो यह बच्चों के लिए प्रेरणा होगा, स्वच्छ भारत मिशन की सफलता को और ऊंचाई तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। सीएम ने आश्वस्त किया कि नए नामांकन के बाद भी कोई बच्चा इस सुविधा से छूटने नहीं पाएगा।

### आप बच्चों पर ध्यान दें, सरकार आपका ध्यान रखेगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी में पहले भी संभवनाएं थीं। एक समय अरुणाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान समेत देश के कई राज्यों में उत्तर प्रदेश से शिक्षक जाते थे। एक बार जब मैंने केंद्रीय मंत्री किरिन रिजिजू से पूछा कि वहां सब लोग बहुत अच्छी हिंदी बोलते हैं तो उन्होंने बताया कि हमारे यहां सभी शिक्षक यूपी से ही आए हैं। मध्य प्रदेश दौरे पर गया तो पता चला कि अलीगढ़, एटा, कासगंज, इटावा, हाथरस, आगरा, फिरोजाबाद, मथुरा, मैनपुरी आदि जनपदों के लोग वहां कार्यरत हैं।

### शिक्षा की उपेक्षा से यूपी बना था बीमारू

सीएम ने कहा कि शिक्षा समाज की आधारशिला है, इसके बिना कुछ भी हो पाना असंभव है। पीएम मोदी जी ने देशवासियों से कहा है कि विकसित भारत की संकल्पना को पूरा करने की आधारशिला शिक्षा ही बनेगी। इसके लिए उन्होंने भारत की परंपराओं पर आधारित राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू की। शिक्षा के बिना कुछ भी नहीं कर सकते। शिक्षा की उपेक्षा से ही यूपी 'बीमारू' हो गया था। 9 साल पहले नौकरी के लिए भटकने वालों को यूपी के बाहर हेय दृष्टि से देखा जाता था, लेकिन डबल इंजन सरकार के प्रयास से अब पहचान का संकट नहीं रहा। शिक्षा पर किया गया निवेश कभी व्यर्थ नहीं जाता।

### मुख्यमंत्री योगी ने मां विंध्यवासिनी के दरबार में की पूजा-अर्चना

मिर्जापुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को मां विंध्यवासिनी के दरबार में पहुंचे। उन्होंने मंत्रोच्चार के बीच मां विंध्यवासिनी का विधिवत दर्शन पूजन किया और उनकी आरती उतारी। सीएम करीब 10 मिनट मंदिर में रहे। मुख्यमंत्री माता के दर्शन के लिए करीब सवा बारह बजे पहुंचे। मंदिर के प्रवेश द्वार पर सदर विधायक रत्नाकर मिश्रा ने चुनरी ओढ़ाकर उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में सभी देवी-देवताओं के दर्शन करने के बाद हवन कुंड की परिक्रमा की और प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। सीएम को देखने के लिए मंदिर परिसर के आसपास गलियों में लोगों की भारी भीड़ उमड़ी।



### अब यूपी में नकल मुक्त शिक्षा, रोकी गई समय की बर्बादी

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब यूपी में नकल विहीन शिक्षा हो रही है, लेकिन पहले बहुत विचित्र स्थिति थी। दो-तीन महीने तक माध्यमिक शिक्षा की परीक्षाएं चलती थीं, फिर दो-तीन महीने में रिजल्ट आता था। इससे आधा साल बर्बाद हो जाता था और कुछ समय त्योहारों आदि में निकल जाता था, पढ़ाई कब होती? लेकिन अब 14 दिन के भीतर परीक्षा होती है और अगले 15 दिन के भीतर परिणाम आ जाता है।

## गोरखगिरी मंदिर एवं चित्रकूट स्थित लालापुर में पीपीपी मोड पर रोप-वे परियोजना जल्द

# दोनो जगह रोप-वे सेवा शुरू होने से पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं को मिलेगी सुविधा : मंत्री सिंह

अमन लेखनी समाचार/लखनऊ,

जनपद महोबा के गोरखगिरी मंदिर एवं जनपद चित्रकूट के लालापुर में बाल्मीकि आश्रम पर रोप-वे परियोजना को पर्यटन विकास की दृष्टि से पीपीपी मोड पर निजी निवेशकों के माध्यम से विकसित और संचालित किया जाएगा। इसके लिए आवश्यक कार्यवाही पूरी की जा रही है। शीघ्र ही इस परियोजना की समस्त प्रक्रिया पूरी कराते हुए रोप-वे का संचालन शुरू करा दिया जायेगा। इससे गोरखगिरी मंदिर एवं जनपद चित्रकूट के लालापुर में बाल्मीकि आश्रम का दर्शन एवं भ्रमण करने वाले श्रद्धालुओं को सहूलियत प्राप्त होगी। इसके साथ ही पर्यटन को बढ़ावा भी मिलेगा। यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी।



■ लालापुर में बाल्मीकि आश्रम श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केन्द्र है

उन्होंने बताया कि गोरखगिरी जनपद महोबा का प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है। गोरखगिरी पर्वत बहुत ही खूबसूरत स्थल है। मान्यता है कि गुरू गोरखनाथ कुछ समय के लिए अपने सातवें शिष्य सिद्धो दीपकनाथ के साथ इसी पर्वत पर तपस्या की थी। यहां वर्ष भर श्रद्धालु आते रहते हैं। ऊँचाई पर स्थित होने के कारण श्रद्धालुओं को मंदिर तक पहुंचने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है। इसी प्रकार चित्रकूट के लालापुर में बाल्मीकि आश्रम भी श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केन्द्र है।

हर साल लाखों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन हेतु पधारते हैं। रोप-वे के संचालित हो जाने से श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की संख्या में कई गुना बढ़ोत्तरी होगी तथा स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। पर्यटन मंत्री ने बताया कि इसी प्रकार जनपद गोरखपुर में स्थित परमहंस योगानन्द जी की जन्म स्थली के पर्यटन विकास की परियोजना की पूरी हो जाने के पश्चात उसके रख-रखाव एवं संचालित किये जाने के लिए योगदा सत्संग सोसायटी, सोसायटी ऑफ इंडिया कोलकाता को हस्तान्तरित कराए जाने के संबंध में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर कराए जाने का प्रस्ताव है।

## योगी सरकार का बड़ा एक्शनः रिटायर्ड एआरटीओ के घर से 35 करोड़ की संपत्ति का खुलासा

# 13 किलो सोना, नौ किलो चांदी और 1.62 करोड़ नकद और करोड़ों की संपत्ति के दस्तावेज बरामद

अमन लेखनी समाचार/लखनऊ,

उत्तर प्रदेश सतर्कता अधिष्ठान यानी विजिलेंस ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए परिवहन विभाग के सेवानिवृत्त सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ललित कुमार के लखनऊ स्थित आवास पर छापेमारी की। दो दिन तक चली इस कार्रवाई में विजिलेंस टीम ने 1 करोड़ 62 लाख रुपए नकद, करीब 13 किलो सोना, 9 किलो चांदी, हीरे एवं सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए हैं। बरामद संपत्ति की अनुमानित कीमत करीब 35 करोड़ रुपए बताई जा रही है। विजिलेंस के अनुसार ललित कुमार के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का मामला दर्ज है। न्यायालय से सर्च वारंट प्राप्त करने के बाद 7 और 8 जुलाई को अलीगंज स्थित आवास पर यह कार्रवाई की गई। जांच के दौरान लखनऊ, नोएडा, बाराबंकी और रायबरेली में मकान, फ्लैट, प्लॉट और कृषि भूमि से संबंधित दस्तावेज, दो लग्जरी कारें, एक रिवॉल्वर तथा बैंक खातों, डाकघर, म्यूचुअल फंड और फिक्स्ड डिपॉजिट में एक करोड़ रुपए से अधिक के निवेश के रिकॉर्ड भी बरामद हुए हैं। विजिलेंस का कहना है कि सभी दस्तावेजों का सत्यापन कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।





# नवीन जिंदल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना आर्थिक रूप से जरूरतमंद बच्चों के लिए उम्मीद की किरण : मोहन राणा

**क्षत्रिय राजपूत सभा की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का सांसद कार्यालय में हुआ अभिनंदन।**

अमन लेखनी समाचार



कुरूक्षेत्र। क्षत्रिय राजपूत सभा की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने प्रधान मोहन राणा चनालहेड़ी की अध्यक्षता में मोहन नगर स्थित जिंदल हाउस में पहुंचकर सांसद कार्यालय की योजनाओं के बारे में जाना। इस अवसर पर सांसद कार्यालय के प्रभारी धर्मवीर सिंह ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को तिरंगा भेंट करके सांसद नवीन जिंदल की ओर से उन्हें बधाई दी तथा समाज के विकास के लिए किए जाने वाले प्रत्येक कार्य में सहयोग का आश्वासन दिया। समाज के लोगों ने सांसद नवीन जिंदल द्वारा चलाई गई यशस्वी छात्रवृत्ति योजना की सराहना की। क्षत्रिय सभा के प्रधान मोहन राणा ने कहा कि राजपूत धर्मशाला के तत्वाधान में महाराणा प्रताप विद्यालय बच्चों को शिक्षित करने का कार्य लंबे समय से कर रहा है। महाराणा प्रताप विद्यालय में भी अनेक बच्चे ऐसे हैं। जिन्हें आर्थिक रूप से मदद की जरूरत है। सांसद नवीन जिंदल द्वारा चलाई गई यशस्वी छात्रवृत्ति योजना से इन बच्चों को भी विशेष रूप से लाभ पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के विकास के लिए क्षत्रिय राजपूत सभा सांसद नवीन जिंदल के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करेगी। उन्होंने क्षेत्र के विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से आह्वान करते हुए कहा कि अधिक से अधिक युवा इस योजना का लाभ लेने के लिए आगे आएं, ताकि वे बिना किसी आर्थिक चिंता के अपनी पढ़ाई पूरी कर सकें और अपने जीवन के लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें। इस अवसर पर सांसद कार्यालय के प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि इस योजना का दायरा और अधिक विस्तृत करते हुए अब प्राथमिक कक्षा से लेकर 12वीं तक पढ़ने वाले उन छात्र-छात्राओं को भी शामिल किया गया है, जिनका पालन-पोषण विधवा या सिंगल मदर द्वारा किया जा रहा है। ऐसे विद्यार्थियों की 50 प्रतिशत फीस नवीन जिंदल फाउंडेशन द्वारा वहन की जा रही है। वहीं अनाथ बच्चों की 100 प्रतिशत फीस का भुगतान भी फाउंडेशन द्वारा किया जा रहा है। इस अवसर पर राजबीर राणा, सुरेंद्र जलबेहड़ा, सुरेश राणा बीबीपुर, नरेंद्र फरल, सतपाल नंबरदार ट्योंठा, पितांबर राणा, सुरेंद्र राणा कैशियर, सचिव सुगमपाल राणा, कृष्ण भूना, विक्रम जलबेहड़ा, श्याम सिंह, मोहन सिंह चनालहेड़ी, फूल सिंह गौंध, किशोर राणा, संयुक्त सचिव मोहकम सिंह राणा, होशियार सिंह ककहेड़ी, महिंद्र बाता, भीम सिंह नाचरौन, ओमबीर राणा, रणदीप बीबीपुर, राजेंद्र राजौंद, थानेसर इंचार्ज बलविंद्र सिंह, डॉ. राज कुमार, आकाश राणा, राजेंद्र राजपूत आदि उपस्थित रहे।

## जिम का पंखा बंद करने को लेकर युवक ने दूसरे युवक पर ताना तमंचा, आरोपी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र के एक जिम में बुधवार सुबह पंखा बंद करने को लेकर हुए मामूली विवाद में एक युवक ने तमंचा निकालकर दूसरे युवक पर तान दिया। लेकिन बाद में जिम में मौजूद लोगों ने आरोपी को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस के मुताबिक उन्नाव जिले के सोहरामऊ थानान्तर्गत ओगरापुर निवासी सानू विश्वकर्मा बुधवार सुबह करीब 07:35 बजे बंथरा के नीवां स्थित रॉयल फिटनेस जिम में कसरत कर रहा था। इसी दौरान जिम में पंखा बंद करने को लेकर उसकी आयूष राज पुत्र मुन्ना से कहासुनी हो गई और देखते ही देखते दोनों के बीच विवाद बढ़ गया। आरोप है कि आयूष राज ने तमंचा निकालकर बंथरा के जहानाबाद निवासी सानू विश्वकर्मा की ओर तान दिया। इस पर जिम में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि वहां मौजूद अन्य युवकों ने साहस का परिचय देते हुए आनन फानन आरोपी को पकड़ लिया और घटना की सूचना पुलिस को दी। बाद में सूचना पाकर पहुंची बंथरा पुलिस आरोपी को तमंचा सहित थाने ले आई और हिरासत में लेकर उससे पूछताछ कर रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर बरामद तमंचा कब्जे में लेने के साथ आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

## निमार्णाधीन बाउंड्रीवाल गिराने को लेकर मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में बुधवार दोपहर निमार्णाधीन बाउंड्रीवाल गिराने का विरोध करने पर कुछ लोगों ने एक परिवार की पिटाई कर दी। जिससे बाप बेटे चोटिल हो गए।फिलहाल पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।बंथरा थाना क्षेत्र के कुरौनी स्थित टूड़ी खेड़ा निवासी यमुना प्रसाद यादव के मुताबिक बुधवार दोपहर करीब 11 बजे वह अपनी जमीन पर बाउंड्रीवाल का निर्माण करा रहे थे। इसी दौरान गाँव के प्रेमनंद, राजबान, रामबाबू, अजीत कुमार, सुजीत कुमार, अमन, आशा और जयसिंह सहित उनके परिवार की महिलाएं लाठी-डंडों से लैस होकर मौके पर पहुंच गईं। आरोप है कि सभी आरोपी निमार्णाधीन बाउंड्रीवाल को जबरन गिराने लगे। जब यमुना प्रसाद ने विरोध किया तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए उन पर और उनके परिवार के अन्य सदस्यों पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस मारपीट में यमुना और उनके बेटे विमल के अलावा परिवार के अन्य लोग चोटिल हो गए। शोर-शराबा सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर किसी तरह विवाद शांत कराया। पीड़ित का आरोप है कि जाते समय आरोपी दोबारा निर्माण कार्य करने पर जान से मारने की धमकी भी दे गए। घटना के बाद यमुना ने बंथरा थाने में मामले की तहरीर दी। फिलहाल पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

## खराब मौसम के कारण दिल्ली से लखनऊ आ रही इंडिगो की फ्लाइट अयोध्या डायवर्ट

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। राजधानी में बुधवार को हुई तेज बारिश और खराब मौसम का असर चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर भी देखने को मिला। एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक खराब मौसम के कारण दिल्ली से लखनऊ आ रही इंडिगो की फ्लाइट (6ई-5206) को लखनऊ में उतरने की अनुमति नहीं मिल सकी। यह विमान अपने निर्धारित समय दोपहर 2:30 बजे लखनऊ पहुंचता है। लेकिन एयरपोर्ट सूत्रों ने बताया कि आज इसके विलंब हो जाने के कारण विमान को 3:20 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पर उतरना था, पर एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने खराब दृश्यता और लगातार हो रही भारी बारिश के चलते विमान की सुरक्षित लैंडिंग की अनुमति नहीं दी। इसके बाद विमान को अयोध्या एयरपोर्ट के लिए डायवर्ट कर दिया गया। इस विमान में 152 यात्री और छह क्रू सदस्य सवार थे। सूत्रों ने बताया कि विमान के सुरक्षित अयोध्या पहुंचने की सूचना है। एयरपोर्ट अधिकारियों का कहना है कि मौसम सामान्य होने के बाद ही आगे की उड़ान संचालन संबंधी निर्णय लिया जाएगा। वहीं खराब मौसम के चलते अन्य उड़ानों के संचालन पर भी आंशिक असर पड़ने की संभावना जताई जा रही है।

# विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के खिलाफ फेसबुक पर अभद्र टिप्पणी

### पासी समाज के लोगों ने पत्रिका के संपादक और संचालक के खिलाफ गिरफ्तारी की करी मांग

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के खिलाफ सोशल मीडिया के फेसबुक पर एक मासिक पत्रिका के नाम से बनी आईडी से की गई अभद्र, अश्लील और जातिसूचक टिप्पणी के विरोध में बुधवार को पासी समाज के तमाम लोग सरोजनीनगर थाने पहुंचे। उन्होंने नारेबाजी करते हुए पत्रिका के संपादक और संचालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और गिरफ्तारी की मांग की। बाद में उन्होंने थाना अध्यक्ष को तहरीर सौंपी, जिसके आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। निजामपुर मझिगवां निवासी पूर्व जिला पंचायत सदस्य सतगुरु शरण रावत ने तहरीर देते हुए कहा कि विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने पासी समाज के उत्थान के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। उन्होंने बताया कि विधायक द्वारा वृंदावन चौराहे पर महारानी उदा देवी पासी की भव्य प्रतिमा स्थापित कराई गई और बिजली पासी किला परिसर में पुस्तकालय की स्थापना के लिए विधायक ने 10 लाख रुपये की सहायता दी है। वहीं पार्षद राम नरेश रावत ने कहा कि विधायक बिना किसी भेदभाव के सर्वसमाज के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि विधायक राजेश्वर सिंह द्वारा तमाम गरीब परिवारों के बच्चों को साइकिल, लैपटॉप और टैबलेट वितरित किए गए हैं। वहीं पार्षद द्रौपदी मनोज रावत ने कहा कि विधायक प्रतिदिन हजारों जरूरतमंदों को भोजन उपलब्ध कराने के साथ ही महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक सिलाई केंद्र संचालित करा रहे हैं। थाने पर तहरीर देने के दौरान सतगुरु शरण रावत के अलावा द्रौपदी मनोज रावत, राम नरेश रावत, दिलीप रावत, बद्री प्रसाद रावत, किशन चंद्र रावत, सरवन रावत, पूर्व पार्षद शारदा नगर द्वितीय राम नरेश रावत, बबलू रावत सहित काफी संख्या में पासी समाज के लोग, महिलाएं और कार्यकर्ता मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि विधायक के सम्मान को ठेस पहुंचाने और जातीय वैमनस्य फैलाने के प्रयास को किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने थाना प्रभारी से दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की।सरोजनी नगर प्रभारी निरीक्षक राजदेव राम प्रजापति ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# पत्रकार ने एसीपी से लगाई न्याय की गुहार, पुलिस पर प्रताड़ना का आरोप

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के एक पत्रकार ने पुलिस पर घर से उठाकर प्रताड़ित करने, अभद्र व्यवहार करने और मानसिक रूप से परेशान करने का आरोप लगाते हुए सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) मोहनलालगंज से न्याय की गुहार लगाई पीड़ित ने लिखित शिकायत देकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। रानीखेड़ा डेहवा निवासी पत्रकार विवेक कुमार द्वारा दिए प्रार्थना-पत्र के अनुसार, बीते मंगलवार तड़के करीब तीन बजे खुजौली चौकी प्रभारी अरुण सिंह, उपनिरीक्षक अजय सिंह तथा अन्य पुलिसकर्मी उनके घर पहुंचे और बिना कोई स्पष्ट कारण बताए उन्हें जबरन पुलिस वाहन में बैठाकर ले गए। आरोप है कि कोतवाली ले जाने से पहले उन्हें करीब एक घंटे तक जबरौली गांव के समीप जंगल क्षेत्र में घुमाकर डराया-धमकाया गया और मानसिक दबाव बनाया गया। पत्रकार का आरोप है कि इसके बाद उन्हें कोतवाली मोहनलालगंज लाकर हवालात में बंद कर दिया गया, जहां उनके साथ अभद्र व्यवहार और गाली-गलौज की गई उनका कहना है कि इस घटना से उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची है और वह मानसिक रूप से भयभीत हैं। शिकायत में उन्होंने बताया कि हाल ही में सोशल मीडिया और व्हाट्सएप ग्रुपों में सोने से भरे बैग से जुड़ा एक संदेश वायरल हुआ था। समाचार की पुष्टि के उद्देश्य से उन्होंने प्रभारी निरीक्षक से संपर्क किया, जहां उन्हें बताया गया कि वायरल संदेश भ्रामक है। इसके बावजूद उन्हें थाने लाकर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज होने की जानकारी दी गई। पत्रकार का कहना है कि उन्होंने न तो कोई भ्रामक सूचना प्रसारित की और न ही किसी व्हाट्सएप ग्रुप में ऐसा संदेश साझा किया। उन्होंने कहा कि किसी भी समाचार का सत्यापन करना एक पत्रकार के दायित्व का हिस्सा है। पीड़ित ने एसीपी से मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराने, कथित दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने, अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा न्याय दिलाने की मांग की है। इस संबंध में एसीपी मोहनलालगंज राजेश सिंह ने बताया कि शिकायत प्राप्त हो गई है। पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी और जांच रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# राष्ट्रीय लोकदल केंद्रीय संसदीय बोर्ड की प्रथम बैठक सम्पन्न




अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली। नई दिल्ली स्थित कॉन्स्टिट्यूशन क्लब के कमेटी रूम में राष्ट्रीय लोकदल केंद्रीय संसदीय बोर्ड की प्रथम बैठक संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद के.सी. त्यागी की अध्यक्षता में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। बैठक के प्रारंभ में संसदीय बोर्ड के सभी सम्मानित सदस्यों का आपस में परिचय हुआ तथा संगठन को नई दिशा और नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाने पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह सहित संसदीय बोर्ड के सभी सम्मानित सदस्यों ने सहभागिता की। बैठक में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री एवं किसान मसीहा श्रद्धेय चौधरी चरण सिंह की किसान, मजदूर और सामाजिक न्याय आधारित विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने, राष्ट्रीय लोकदल के संगठन को और अधिक सशक्त बनाने, सभी वर्गों को पार्टी से जोड़ने, संगठन के विस्तार को गति देने तथा चौधरी जयंत सिंह के नेतृत्व में राष्ट्रीय लोकदल को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने एवं एनडीए को और अधिक मजबूत बनाने का सामूहिक संकल्प लिया गया। बैठक में राष्ट्रीय महासचिव एवं संसदीय बोर्ड के सदस्य अनिल दुबे सहित बोर्ड के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

# मेडिकल छात्रों ने कानपुर रोड किया जाम, बोले हॉस्टल नहीं, जेल है कॉलेज

### सड़क पर बैठे छात्रों ने कहा ₹हमें चाहिए आजादी₹ और प्रबंधन पर लगाए गंभीर आरोप

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र के जुनाबगंज स्थित प्रसाद इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के मेडिकल छात्रों ने बुधवार दोपहर करीब 12 बजे अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कानपुर रोड की कानपुर से लखनऊ आने वाली पटरी जाम कर धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। सड़क पर बैठे छात्रों ने ₹हमें चाहिए आजादी₹ के नारे लगाते हुए संस्थान प्रशासन पर तानाशाही रवैया अपनाने और छात्रों की स्वतंत्र आवाजाही पर अवैध प्रतिबंध लगाने का आरोप लगाया। सूचना पर बंथरा प्रभारी निरीक्षक राणा राजेश सिंह और कृष्णानगर एसीपी अभिषेक पांडेय मौके पर पहुंचे। उन्होंने छात्रों को समझाने का काफी प्रयास किया, लेकिन वे अपनी मांगों पर अड़े रहे। इस रोड जाम प्रदर्शन के कारण कानपुर से लखनऊ आने वाली पटरी पर कुछ देर के लिए यातायात प्रभावित हो गया। हालाकि बाद में पुलिस को यातायात डाइवर्ट कर विपरीत दिशा से निकलना पड़ा। वहीं प्रदर्शन कर रहे छात्रों का आरोप था कि पिछले करीब तीन सप्ताह से छात्र-छात्राओं को संस्थान परिसर से बाहर निकलने पर रोक लगा दी गई है। केवल रविवार को भी पूर्व अनुमति के बाद चार घंटे के लिए बाहर जाने की छूट दी जाती है। उनका कहना है कि परिसर में आवश्यक सुविधाओं का भी अभाव है। भीषण गर्मी के बावजूद हॉस्टल में कूलर और एसी की व्यवस्था नहीं है, जबकि भोजन की गुणवत्ता भी बेहद खराब है और कई बार खाने में कीड़े पाए गये हैं।

छात्रों ने बताया कि परिसर में स्टेशनरी की दुकान तक नहीं है, जिससे पेन जैसी सामान्य वस्तु खरीदने के लिए भी बाहर जाना पड़ता है, लेकिन बाहर जाने की अनुमति नहीं मिलती। उनका आरोप था कि यदि किसी छात्र के घर में आपात स्थिति उत्पन्न हो जाए या पहले से ट्रेन का वैध टिकट हो, तब भी उसे कैंपस छोड़ने की अनुमति नहीं दी जाती। उन्होंने यह भी कहा कि परिसर में जिम जैसी सुविधाएं नहीं हैं और रात 10 बजे के बाद कैंटीन भी बंद हो जाती है।

छात्रों ने मांग की कि पहले की तरह उन्हें स्वतंत्र रूप से परिसर से बाहर आने-जाने की अनुमति दी जाए और प्रबंधन के कथित प्रतिबंधात्मक नियम तत्काल समाप्त किए जाएं। काफी देर तक चले रोड जाम प्रदर्शन की जानकारी मिलने के बाद संस्थान के चेयरमैन बीपी यादव रोड जाम कर धरना प्रदर्शन कर रहे छात्र-छात्राओं के पास पहुंचे और उन्हें काफी देर तक समझाया। बाद में चेयरमैन ने अपराह्न करीब 3 बजे छात्र-छात्राओं के लिए बीते दिनों लगाया गया प्रतिबंध हटाने की बात कहते हुए पहले की तरह रोज शाम 4 बजे से 8 बजे तक कॉलेज परिसर से बाहर आने जाने की छूट देने का आश्वासन दिया। तब छात्र-छात्राओं ने रोड जाम प्रदर्शन समाप्त कर दिया।

# बरामदे में फंदे से लटका मिला वृद्ध का शव

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के सिसेंडी चौकी अंतर्गत केसरीखेड़ा गांव में बुधवार सुबह एक वृद्ध का शव घर के बरामदे में रस्सी के फंदे से लटका मिलने से पूरे गांव में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी होते ही परिवार में कोहराम मच गया, जबकि आसपास के ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई सूचना मिलने पर पहुंची मोहनलालगंज पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस प्रथम दृष्टया मामले को आत्महत्या मानकर जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, केसरीखेड़ा गांव निवासी रजऊ रावत (70) पुत्र स्वर्गीय लोढ़ा मंगलवार रात अपने घर के बरामदे में रस्सी के सहारे फंदा लगाकर लटक गए। बुधवार सुबह करीब साढ़े सात बजे जब परिजन जागे तो उनकी नजर बरामदे में फंदे से लटके रजऊ रावत पर पड़ी। यह दृश्य देखते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। मृतक के पुत्र गणेश ने ग्रामीणों की मदद से पिता के शव को फंदे से नीचे उतारा और तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही सिसेंडी चौकी पुलिस और मोहनलालगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल को सुरक्षित कर बारीकी से निरीक्षण किया और आवश्यक साक्ष्य जुटाए। जांच के दौरान पुलिस को घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ इसके बाद पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया पुलिस परिजनों एवं ग्रामीणों से पूछताछ कर यह जानने का प्रयास कर रही है कि आखिर वृद्ध ने यह कदम किन परिस्थितियों में उठाया। ग्रामीणों ने बताया कि रजऊ रावत शांत और सरल स्वभाव के व्यक्ति थे। उनके इस कदम से पूरा गांव स्तब्ध फिलहाल आत्महत्या के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी पुलिस पारिवारिक, सामाजिक और अन्य सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की गहन जांच कर रही है। इंस्पेक्टर रामबाबू सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी पुलिस हर पहलू की गंभीरता से जांच कर रही।

## चरण भट्ठा रोड पर बंदरों का आतंक, छत पर गई बुजुर्ग महिला को दौड़ाकर काटा

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। पीजीआई थाना क्षेत्र स्थित चरण भट्ठा रोड पर बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। बुधवार को बंदरों ने एक 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला पर हमला कर उन्हें दौड़ाकर काट लिया। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत फैल गई। घायल महिला को परिजन तत्काल सीएचसी मोहनलालगंज लेकर पहुंचे, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। जानकारी के अनुसार, चरण भट्ठा रोड स्थित मानव मार्केट निवासी सुरजा देवी (65) अपने घर की छत पर गई थीं। इसी दौरान वहां मौजूद बंदरों के झुंड ने अचानक उन पर हमला कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बंदरों ने उन्हें दौड़ा लिया और काटकर घायल कर दिया। महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोग और परिजन मौके पर पहुंचे तथा किसी तरह उन्हें बंदरों के चंगुल से बचाया।

# पत्रकार ने एसीपी से लगाई न्याय की गुहार, पुलिस पर प्रताड़ना का आरोप

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के एक पत्रकार ने पुलिस पर घर से उठाकर प्रताड़ित करने, अभद्र व्यवहार करने और मानसिक रूप से परेशान करने का आरोप लगाते हुए सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) मोहनलालगंज से न्याय की गुहार लगाई पीड़ित ने लिखित शिकायत देकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। रानीखेड़ा डेहवा निवासी पत्रकार विवेक कुमार द्वारा दिए प्रार्थना-पत्र के अनुसार, बीते मंगलवार तड़के करीब तीन बजे खुजौली चौकी प्रभारी अरुण सिंह, उपनिरीक्षक अजय सिंह तथा अन्य पुलिसकर्मी उनके घर पहुंचे और बिना कोई स्पष्ट कारण बताए उन्हें जबरन पुलिस वाहन में बैठाकर ले गए। आरोप है कि कोतवाली ले जाने से पहले उन्हें करीब एक घंटे तक जबरौली गांव के समीप जंगल क्षेत्र में घुमाकर डराया-धमकाया गया और मानसिक दबाव बनाया गया। पत्रकार का आरोप है कि इसके बाद उन्हें कोतवाली मोहनलालगंज लाकर हवालात में बंद कर दिया गया, जहां उनके साथ अभद्र व्यवहार और गाली-गलौज की गई उनका कहना है कि इस घटना से उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची है और वह मानसिक रूप से भयभीत हैं। शिकायत में उन्होंने बताया कि हाल ही में सोशल मीडिया और व्हाट्सएप ग्रुपों में सोने से भरे बैग से जुड़ा एक संदेश वायरल हुआ था। समाचार की पुष्टि के उद्देश्य से उन्होंने प्रभारी निरीक्षक से संपर्क किया, जहां उन्हें बताया गया कि वायरल संदेश भ्रामक है। इसके बावजूद उन्हें थाने लाकर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज होने की जानकारी दी गई। पत्रकार का कहना है कि उन्होंने न तो कोई भ्रामक सूचना प्रसारित की और न ही किसी व्हाट्सएप ग्रुप में ऐसा संदेश साझा किया। उन्होंने कहा कि किसी भी समाचार का सत्यापन करना एक पत्रकार के दायित्व का हिस्सा है। पीड़ित ने एसीपी से मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराने, कथित दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने, अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा न्याय दिलाने की मांग की है। इस संबंध में एसीपी मोहनलालगंज राजेश सिंह ने बताया कि शिकायत प्राप्त हो गई है। पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी और जांच रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# वरिष्ठ भाजपा नेता नरेन्द्र सिंह राणा के पिता को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र सिंह राणा के पिता राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित पूर्व पुलिस उपाधीक्षक स्व.श्याम सिंह के याद में बुधवार को सहकारिता भवन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ। इस अवसर पर विधान परिषद के सभापति सर्वश्री कुवंर मानवेन्द्र सिंह, उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, संसदीय कार्य एवं वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं एमएलसी महेन्द्र सिंह, पूर्वमंत्री शिवेन्द्र सिंह, राज्यसभा सदस्य सुधांसु त्रिवेदी, एमएलसी संतोष सिंह, एमएलसी मुकेश शर्मा, लखनऊ की मेयर सुषमा खर्रकवाल, पूर्व विधायक सुरेश तिवारी, लघु उद्योग व्यापार प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष नटवर गोयल, भाजपा कार्यालय प्रभारी भारत दीक्षित, सह प्रभारी चौधरी लक्ष्मण सिंह, जाने माने चिकित्सक डॉक्टर सूर्यकांत, व्यापारी नेता संदीप बंसल समेत बड़ी संख्या में नेताओं, पत्रकारों, समाजसेवियों और विभिन्न क्षेत्रों प्रतिष्ठित लोगों ने स्व.श्याम सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी।

पुष्पांजलि एवं भजन संध्या कार्यक्रम में किशोर चतुर्वेदी भजन गायक मंडली ने भावपूर्ण भजनों की प्रस्तुति दी। पूर्व पुलिस उपाधीक्षक श्याम सिंह का 20 जून को निधन हो गया था। श्रद्धांजलि सभा का आयोजन उनके पुत्र वरिष्ठ नेता नरेन्द्र सिंह राणा ने किया था। इस अवसर पर श्याम सिंह के परिवार से पुत्र आनन्द सिंह राणा भंडारी, पौत्र शिव साकेत सिंह राणा, आदित्य सिंह राणा, शिवम सिंह राणा, सौरभ सिंह राणा, सात्विक सिंह राणा, प्रपौत्र समग्र सिंह राणा, प्रपौत्री शन्वी सिंह राणा, शनाया सिंह राणा समेत परिवार के अन्य सदस्य मौजूद रहे। नरेन्द्र सिंह राणा ने श्रद्धांजलि सभा में आए हुए सभी लोगों का आभार प्रकट किया।

# भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष का भव्य अभिनंदन, सौरभ सिंह के नेतृत्व में मिला शुभकामना संदेश

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। भारतीय जनता पार्टी के युवा संगठन भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष रोहित मिश्रा का लखनऊ स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया इस अवसर पर निगोहां प्रेस क्लब के मीडिया प्रभारी सौरभ सिंह के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने रोहित मिश्रा से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें पुष्पमाला एवं पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए नई जिम्मेदारी के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। हाल ही में भारतीय जनता पार्टी नेतृत्व द्वारा प्रदेश संगठन में किए गए बदलाव के तहत युवा, ऊजार्वान एवं संगठन के प्रति समर्पित नेता रोहित मिश्रा को भारतीय जनता युवा मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया उनकी नियुक्ति के बाद पूरे प्रदेश में भाजपा कार्यकताओं एवं युवा मोर्चा के पदाधिकारियों में उत्साह का माहौल इसी क्रम में निगोहां प्रेस क्लब का प्रतिनिधिमंडल प्रदेश कार्यालय पहुंचा और उनसे मुलाकात कर उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर भाजपा के जिला महामंत्री धीरेंद्र पांडे 'धीरू' तथा निगोहां मंडल महामंत्री नवीन मिश्रा भी मौजूद रहे उन्होंने प्रतिनिधिमंडल का आत्मीय स्वागत करते हुए संगठन को मजबूत बनाने और युवाओं को अधिक से अधिक भाजपा की विचारधारा एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने पर विस्तार से चर्चा की। भाजपा के जिला महामंत्री धीरेंद्र पांडे 'धीरू' ने इस अवसर पर कहा कि रोहित मिश्रा लंबे समय से छात्र एवं युवा राजनीति में सक्रिय रहे उनका संगठनात्मक अनुभव कार्यकताओं के प्रति सहज व्यवहार सकारात्मक सोच और



राष्ट्रहित के प्रति समर्पण उन्हें एक प्रभावशाली युवा नेतृत्वकर्ता बनाता उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने सदैव युवाओं को नेतृत्व प्रदान करने की परंपरा निभाई है और रोहित मिश्रा की नियुक्ति उसी परंपरा का सशक्त उदाहरण है। सौरभ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में भारतीय जनता युवा मोर्चा की महत्वपूर्ण भूमिका रही उन्हें विश्वास कि रोहित मिश्रा के नेतृत्व में भाजयुमो प्रदेशभर के युवाओं को राष्ट्र निर्माण, सामाजिक सेवा, पर्यावरण संरक्षण, डिजिटल सशक्तिकरण, रोजगार, स्वरोजगार और संगठनात्मक गतिविधियों से जोड़ते हुए संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। अपने अभिनंदन से अभिभूत रोहित मिश्रा ने प्रतिनिधिमंडल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी नेतृत्व ने उन पर जो विश्वास जताया उस पर वह पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की ₹सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास₹ की भावना को लेकर युवा मोर्चा प्रदेश के प्रत्येक जिले, तहसील, नगर एवं गांव तक पहुंचेगा और अधिक से अधिक युवाओं को संगठन से जोड़कर राष्ट्रहित में कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की सबसे बड़ी ताकत है और सभी को साथ लेकर प्रदेशभर में संगठन को और अधिक मजबूत बनाया जाएगा। युवा शक्ति के सहयोग से भाजपा की नीतियों एवं विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का अभियान और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान प्रतिनिधिमंडल में शामिल अधिवक्ताओं, पत्रकारों एवं अन्य गणमान्य लोगों ने भी रोहित मिश्रा को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की। पूरे कार्यक्रम में उत्साहपूर्ण वातावरण रहा तथा उपस्थित कार्यकताओं ने संगठन की मजबूती, युवा सहभागिता और राष्ट्र सेवा के संकल्प को दोहराया। इस अवसर पर विशेष रूप से निगोहां प्रेस क्लब के मीडिया प्रभारी सौरभ सिंह की सक्रिय भूमिका चर्चा का विषय रही। उनके नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने न केवल रोहित मिश्रा का अभिनंदन किया, बल्कि संगठन और मीडिया के बीच सकारात्मक संवाद को भी नई मजबूती प्रदान करने का संदेश दिया।

# संक्षेप

## हरे नीम के पेड़ काटने पर दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बारासगवर थाना अंतर्गत हरे नीम के पेड़ काटने पर पुलिस ने पेड़ मालिक व ठेकेदार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना क्षेत्र के गाँव बैगुलाल खेडा निवासी अनिल सिंह ने दो हरे नीम के पेड़ ठेकेदार शौकत अली निवासी रौतापुर को बेचा था। मुखबिर की सूचना पर पहुँची पुलिस ने मौके पर कटी लकड़ी गायब मिली। कटे पेड़ो का मौका मुआयना कर पुलिस ने पेड़ मालिक व ठेकेदार पर वन संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## भाभी को युवक से बात करने से मना किया तो की मारपीट

सुमेरपुर, उन्नाव। बारा सगवर थाना क्षेत्र के ग्राम परसादखेड़ा निवासी कंचन देवी पत्नी अनुराग ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह अपने मायके धानीखेड़ा गयी थी। उसकी भाभी लक्ष्मी पत्नी अजय किसी अजीत नाम के लड़के से बात कर रही थी। मेरे द्वारा मना करने पर अजीत हमारे घर आकर गाली गलौज कर लाठी डंडों से पीटने लगा जिससे उसके हाथ व सिर मे चोट आई है। अन्य लोगो के आ जाने पर वह जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला। थाना प्रभारी धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## बच्चों के विवाद को लेकर की मार पीट दर्ज हुआ मुकदमा

बीघापुर, उन्नाव। थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मवइया निवासिनी संजू देवी पत्नी शिव प्रसाद ने थाने में तहरीर देकर कहा कि मेरा 12 वर्षीय पुत्र राज जो खेत गया था वहीं पर गांव के प्रकाश का लड़का अरविंद था मौजूद जागेश्वर बीडीसी ने बच्चों से कुश्ती लड़ने की बात कह कर उकसाकर कुश्ती लड़वाने लगे बीडीसी ने मेरे पुत्र राज को लात मारी कहा जीत गए गंदी गंदी गालियां दी इसी बात को लेकर जब मैं घर वापस आ रही थी तब अपने घर के सामने बीडीसी व उसके लड़कों ने मुझे व मेरी पुत्री को मारा पीटा तहरीर के आधार पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## घर जा रहे युवकों से हुई लूट, जांच में जुटी पुलिस

उन्नाव। असोहा थाना क्षेत्र के झब्बाखेड़ा निवासी संदीप पुत्र अशोक कुमार पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि मेरी कालूखेड़ा में ललित फुटवेयर नाम से जूते चप्पल की दुकान चलाते है कल देर शाम लगभग साढ़े आठ बजे दुकान बंद करके अपने चाचा के लड़के रोहित के साथ घर वापस स्कूटी से आ रहे थे, गांव से पांच सौ मीटर दूर शौच क्रिया के लिये दोनो युवक रुक गए तभी वहां तीन अज्ञात लोग आए और स्कूटी की चाभी निकाल ली और हम लोगो से कहने लगे पानी है, हमने कहा क्यो तो बस इसी बात पर मारने लगे जब मुझे बचाने रोहित आया तो उसको भी मारने लगे, इसी बीच मेरे गले मे पड़ी लगभग 50 ग्राम की तीन सोने की चैन छीन कर तीनो भाग निकले, हमलोगों के चिल्लाने पर राहगीर व गांव के लोग आये तब तक तीनो लोग मौके से भाग गए थे थाना प्रभारी फूल सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है जांच की जा रही है प्रथम दृष्टया मामला सन्दिग्ध प्रतीत हो रहा है।

# किसानों की समस्या को लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष ने डीएम से की मुलाकात

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। ट्रांस गंगा सिटी परियोजना से प्रभावित किसानों को समझौते के अनुसार निशुल्क विकसित भूखंड दिलाने की मांग की गई है। बुधवार को जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह, किसान आंदोलन के प्रदेश अध्यक्ष अजय अनमोल और प्रदेश सचिव कैप्टन राहुल तिवारी ने जिलाधिकारी घनश्याम मीणा से उनके आवास पर मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने 2014 के समझौते का शीघ्र अनुपालन सुनिश्चित कराने की मांग की। किसान नेताओं ने जिलाधिकारी को बताया कि 16 जनवरी 2014 को हुए समझौते के तहत ट्रांस गंगा सिटी से प्रभावित किसानों को उनकी अधिग्रहित भूमि के बदले 6 प्रतिशत विकसित मिश्रित लैंड यूज भूमि निशुल्क भूखंड के रूप में आवंटित की जानी थी। उन्होंने यह भी बताया कि लंबे समय से बड़ी संख्या में किसान अब भी अपने भूखंड मिलने का इंतजार कर रहे हैं। बैठक के दौरान इस मुद्दे पर विस्तार से चर्चा हुई। जिलाधिकारी घनश्याम मीणा ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन इस मामले में किसानों का पूरा सहयोग करेगा। उन्होंने कहा कि तहसील स्तर पर लंबित औपचारिकताएं अगले तीन दिनों के भीतर पूरी की जाएंगी। साथ ही, यूपीएसआईडीए (वढरकऊअ) के स्तर पर भी भूखंड आवंटन की प्रक्रिया को शीघ्र पूरा कराने की कार्रवाई की जाएगी। जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह ने बताया कि किसान नेता अजय अनमोल के नेतृत्व में ट्रांस गंगा सिटी के किसानों ने लंबे समय तक संघर्ष किया था, जिसके बाद यह समझौता हुआ। उन्होंने कहा कि इस समझौते के तहत जिले के लगभग 1,580 किसान परिवारों को हाईटेक सिटी में निशुल्क प्लॉट मिलने हैं, जिससे उनका आर्थिक और सामाजिक जीवन स्तर बेहतर होगा। किसान आंदोलन के प्रदेश अध्यक्ष अजय अनमोल ने कहा कि किसान वर्षों से अपने अधिकार की मांग कर रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि जिला प्रशासन के सकारात्मक रुख से आवंटन प्रक्रिया जल्द पूरी होगी। अनमोल ने कहा कि यदि समझौते का समयबद्ध अनुपालन होता है, तो यह प्रभावित किसानों के लिए बड़ी राहत होगी। बैठक के बाद प्रतिनिधिमंडल ने विश्वास जताया कि प्रशासन की ओर से दिए गए आश्वासन के अनुरूप जल्द ही लंबित प्रक्रियाएं पूरी होंगी और ट्रांस गंगा सिटी के प्रभावित किसानों को उनका अधिकार स्वरूप विकसित भूखंड आवंटित किए जाएंगे।

# विकास परियोजनाओं की धीमी प्रगति पर डीएम ने जताई नाराजगी

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। विकास परियोजनाओं में हो रही देरी और धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी घनश्याम मीणा ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। बुधवार को विकास भवन सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने 13 लंबित विकास एवं निर्माण परियोजनाओं की विभागवार समीक्षा की। इस दौरान लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कार्यदायी संस्थाओं को फटकार लगाई गई, साथ ही कई मामलों में कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। बैठक में चांदपुर स्थित मुख्यमंत्री कंपोजिट विद्यालय के पास से गुजर रही विद्युत लाइन को लेकर विशेष नाराजगी जताई गई। बताया गया कि पिछले दो महीने से विद्युत विभाग को लाइन शिफ्ट करने के लिए लगातार पत्र भेजे जा रहे हैं, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता विद्युत को फटकार लगाते हुए चेतावनी दी कि कार्य में और देरी होने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था सीएनडीएस (CNDS) की कार्यप्रणाली पर भी असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संस्था की कई परियोजनाएं निर्धारित समय सीमा के बाद भी अधूरी हैं। संबंधित अधिकारियों को सीएनडीएस के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन निगम की परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान भी सवाल उठे। मान देवी मंदिर के विकास कार्य और गंगा घाट पर प्रस्तावित गंगा आरती स्थल के विकास में हो रही देरी पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की परियोजनाओं की समीक्षा में कुछ कार्यों की प्रगति संतोषजनक नहीं पाई गई। जिलाधिकारी ने गुणवत्ता और गति दोनों में सुधार लाने के निर्देश दिए और स्पष्ट किया कि किसी भी परियोजना में मानकों से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। जिलाधिकारी घनश्याम मीणा ने जोर देकर कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली सभी परियोजनाएं तय समय सीमा के भीतर और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरी होनी चाहिए। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी करें, उनका भौतिक सत्यापन कराएं और प्रत्येक परियोजना का अद्यतन विवरण सीएमईएस पोर्टल पर समय से अपलोड करें।

# दिल्ली से घर लौट रहा युवक हुआ जहर खुरानी का शिकार

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र के पाठकपुर निवासी एक युवक दिल्ली से घर लौटते समय जहरखुरानी का शिकार हो गया। उसे अचेत अवस्था में रोडवेज बस से मियागंज चौराहा पर उतार दिया गया। परिजनों ने युवक को मियागंज सीएचसी में भर्ती कराया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पाठकपुर निवासी दुर्गेश (20) पुत्र राजबीर करीब दो माह पहले दिल्ली में एक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बनाने वाली कंपनी में काम करने गया था। मंगलवार को वह दिल्ली से घर आने के लिए नई दिल्ली के आनंद विहार बस अड्डे से रोडवेज बस में बैठकर निकला था। रास्ते में वह जहरखुरानी का शिकार हो गया। बुधवार सुबह करीब दस बजे बस चालक और परिचालक ने दुर्गेश को मियागंज चौराहा पर अचेत अवस्था में उतार दिया। दुर्गेश का छोटा भाई हिमांशु उसी चौराहे पर एक दुकान पर काम करता है, जिसने अपने भाई को अचेत अवस्था में देखा। हिमांशु ने तुरंत परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और दुर्गेश को मियागंज सीएचसी में भर्ती कराया। सीएचसी में डॉ. पंकज वर्मा द्वारा उसका उपचार किया जा रहा है। दुर्गेश अभी पूरी तरह से होश में नहीं आया है। उसके होश आने पर ही उसके पास से गए सामान का आकलन हो पाएगा। दुर्गेश के चचेरे भाई दुर विजय पुत्र मदन सिंह ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# सीएम शिक्षक कैशलेस योजना कार्यक्रम हुआ आयोजित

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। मुख्यमंत्री शिक्षक चिकित्सा कैशलेस योजना कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक बंबालाल दिवाकर उप जिलाधिकारी शिवेंद्र वर्मा खंड विकास अधिकारी श्वेता त्रिपाठी बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सफीपुर शाखा के मैनेजर खंड शिक्षा अधिकारी सफीपुर अनीता शाह खंड शिक्षा अधिकारी I 84 विनय कुमार की उपस्थिति में शिक्षकों अनुदेशको शिक्षामित्र रसोइयों को विधायक बंबा लाल दिवाकर के द्वारा चिकित्सा योजना के कार्ड वितरित किए गए मुख्य अतिथि के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित किया गया उच्च प्राथमिक विद्यालय सफीपुर की छात्राओं द्वारा सरस्वती बंदना प्रस्तुत की गई इस अवसर पर मुख्य अतिथि बंबा लाल दिवाकर ने कहा की समस्त शिक्षकों वह उनके परिवार को उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा 5 लाख तक के कैशलेस चिकित्सा योजना का लाभ दिया गया है जिससे कि शिक्षक व उनके परिवार बिना किसी तनाव के बीमारी में इसका लाभ उठा सकते हैं सरकार का यह कार्य बहुत ही सराहनीय है उप जिलाधिकारी शिवेंद्र वर्मा ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया बेसिक शिक्षा परिषद से एम ओ यू के संबंध में विस्तार पूर्वक बताया स्टेट बैंक ऑफ इंडिया सैलेरी पैकेज के अंतर्गत बहुत सी सुविधाएं शिक्षकों को प्रदान कर रहा है खंड शिक्षा अधिकारी अनीता शाह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया इस अवसर पर सत्य प्रकाश द्विवेदी सुनील कुमार यादव राघवेंद्र सिंह धर्मेंद्र सिंह देवेंद्र कुशवाहा मेराज आलम आशुतोष श्रीवास्तव नरेंद्र मौर्य रामनरेश गौड़ राहुल चंद्र गौड़ अंजू सिंह राहुल वर्मा अमित कुमार संजीव संखवार रिचा द्विवेदी प्रियंका गुप्ता रेखा गुप्ता नसरीन फातिमा आरती सोलंकी अरविंद सिंह आशीष पांडे इमरान अली तौसीफ अली सूरज गुप्ता रितु त्रिवेदी रविकेश आदित्य शिक्षक शिक्षिकाएं अनुदेशक शिक्षामित्र उपस्थित थे।

# मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक हिस्ट्रीशीटर अपराधी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बुधवार को कस्बा सफीपुर के मोहल्ला सैय्यदवाड़ा से आरोपी चांदबाबू पुत्र कल्लू को पकड़ा। उसके कब्जे से 1 किलो 400 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। बरामद गांजे को जब्त कर पुलिस ने आरोपी चांदबाबू के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया। आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी चांदबाबू एक शातिर अपराधी है। उसके खिलाफ पहले से ही गैंगस्टर एक्ट और गोवध निवारण अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं में आधा दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। वह लंबे समय से आपराधिक गतिविधियों में सक्रिय रहा है। कोतवाली प्रभारी संदीप मिश्रा ने बताया कि अपराध और मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ पुलिस का अभियान जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि किसी भी अवैध गतिविधि में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी

# मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना व डीबीटी वितरण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के शुभारंभ एवं डीबीटी वितरण के तहसील स्तरीय कार्यक्रम अंतर्गत बुधवार को ब्लॉक सभागार सुमेरपुर में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश स्तर से किए गए कार्यो के शुभारंभ का सजीव प्रसारण दिखाया गया तथा शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा योजना की जानकारी दी गई। इस योजना के माध्यम से प्रदेश के लगभग 12 लाख शिक्षक एवं उनके परिवारों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ मिलेगा, जबकि 1.10 करोड़ विद्यार्थियों को डीबीटी के माध्यम से यूनिफॉर्म, जूता-मोजा, स्वेटर, बैग और स्टेशनरी के लिए 1200 रुपए की धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी खंड शिक्षा अधिकारी सुमेरपुर अखिलेश कुमार वर्मा रहे। मुख्य अतिथि योगेश बाजपेई ने अपने संबोधन मे शिक्षा विभाग और शिक्षकों को सर्वश्रेष्ठ व पूजनीय बताते हुए कहा 'मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना' के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए इसे शिक्षकों के लिए अत्यंत लाभकारी पहल बताया। कार्यक्रम का संचालन अरुणेन्द्र प्रताप सिंह ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि बीडीओ पंकज गौतम, जीआईसी प्रिंसिपल दिलीप भदोरिया, सुमेरपुर इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल प्रदीप सिंह, एसबीआई रिजिनल बिजनेस ऑफिस उन्नाव के मुख्य प्रबंधक नदीम हुसैन, चिकित्साधिकारी वी पी सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ सुमेरपुर अध्यक्ष विनोद सिंह एवं बीघापुर अध्यक्ष विश्वनाथ सिंह, संघर्ष समिति अध्यक्ष देश दीपक पाण्डेय एसबीआई शाखा प्रबंधक पाटन अजय कुमार, एसबीआई बीघापुर शाखा सह प्रबंधक धर्मेंद्र सिंह चंदेल, प्रकाश सिंह, सोनू बाजपेई, बृजेश सिंह, अमरेश विक्रम सिंह, मनीष सिंह, राहुल यादव, संकल्प मिश्रा, अक्षय कटियार, रवि शंकर पाण्डेय, एआरपी ज्योति समेत आदि की उपस्थिति प्रमुख रही।

# सैकड़ों महिलाओं ने संभाली पर्यावरण संरक्षण की कमान, मरीजों के लिए स्वच्छ हवा और हरियाली का संकल्प

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। उत्तर प्रदेश में खाकी वर्दी केवल कानून और व्यवस्था बनाए रखने तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह हरियाली और पर्यावरण संरक्षण का एक बड़ा संदेश भी दे रही है, इस बात को उन्नाव पुलिस कंट्रोल रूम प्रभारी अनूप मिश्रा ने अपने हरित कार्यों से सच्चाई में तब्दील कर दिखाया है प्रकृति संरक्षण के इसी संदेश को साकार करते हुए उमाशंकर दीक्षित संयुक्त चिकित्सालय (जिला अस्पताल) उन्नाव आज हरियाली और पर्यावरण संरक्षण का साक्षी बना। जिला पुलिस कंट्रोल रूम प्रभारी अनूप मिश्रा 'अपूर्व' द्वारा पर्यावरण संरक्षण और हरित आवरण को बढ़ाने के लिए चलाये जा रहे व्यापक जन-अभियान 'बरगद बचाओ महाअभियान' के तहत उन्नाव जिले में लोगों द्वारा वृहद स्तर पर पौधारोपण किया जा रहा है, इसी अभियान के समर्थन में श्री जी सामाजिक सेवा समिति के सहयोग से जिला अस्पताल परिसर में 100 से अधिक छायादार, फलदार एवं औषधीय पौधों का जिला चिकित्सालय में रोपण किया गया। बरगद का पौधा लगा कर आज के पौधारोपण कार्यक्रम की शुरूआत की गई अभियान संयोजक अनूप मिश्रा अपूर्व के साथ मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस), डॉ. सुनील कुमार शुक्ला, डा. संजीव कुमार एवं श्री जी सामाजिक सेवा समिति की अध्यक्षा, संस्था की संस्थापिका व अध्यक्षा मंजू अवस्थी के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर बरगद, पीपल, नीम, बेल, आँवला और अमरूद सहित अनेक जीवनदायी पौधे लगाए। पर्यावरणविद अनूप मिश्रा 'अपूर्व' ने कहा कि अस्पतालों में स्वच्छ हवा, प्राकृतिक छाया और हरित वातावरण मरीजों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसलिए प्रत्येक अस्पताल परिसर में अधिक से अधिक छायादार एवं औषधीय पौधे लगाए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि 'बरगद बचाओ महाअभियान' केवल पौधरोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जनपद के प्राचीन बरगदों और अन्य जीवनदायी वृक्षों को बचाने का व्यापक जनआंदोलन है। सीएमएस डॉ. एस. के. शुक्ला ने इस अभियान की सराहना करते हुए कहा कि हरित अस्पताल की अवधारणा आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने कहा कि लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल सुनिश्चित की जाएगी, ताकि आने वाले वर्षों में यह परिसर मरीजों और उनके परिजनों के लिए शीतल, स्वच्छ और प्रेरणादायी वातावरण उपलब्ध करा सके।

वृक्षारोपण अभियान में मंजू अवस्थी, मनीता सेंगर, अरुणा तिवारी, नीलम श्रीवास्तव, पूर्णिमा अवस्थी, दीपाली मिश्रा, मीनू सिंह, माया वर्मा, गायत्री मिश्रा, शिल्पा मिश्रा, ज्योति गौर, प्रीति शुक्ला, नीतू शर्मा, बिमलेश मिश्रा, सीमा सिंह, अविका अवस्थी सहित सैकड़ों महिलाओं ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

# चौदह पुलिस कर्मियों के कार्य क्षेत्र में किया गया फेरबदल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। पुलिस अधीक्षक ने जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से 14 पुलिसकर्मियों का तत्काल प्रभाव से स्थानांतरण कर दिया है। इस संबंध में बुधवार को आदेश जारी किए गए हैं। सभी संबंधित प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं कि स्थानांतरित कर्मचारियों को तत्काल कार्यमुक्त कर उन्हें नए तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण कराना सुनिश्चित करें। जारी आदेश के अनुसार, महिला कांस्टेबल शालिनी शुक्ला को पुलिस लाइन से मानवाधिकार सेल भेजा गया है। नेहा शुक्ला को थाना मौरावां से थाना सोहरामऊ, शिखा सिंगर को थाना दही से थाना पुरवा, सुधा गोरखवी को थाना दही से थाना मौरावां और प्रिया भदौरिया को थाना पुरवा से थाना दही स्थानांतरित किया गया है। पुरुष पुलिसकर्मियों में, हेड कांस्टेबल हरिसिंह सिंह को पीआरवी सीयूजी बांगरमऊ से पीआरवी सीयूजी बीघापुर भेजा गया है। अरविंद कुमार सिंह को पुलिस लाइन से थाना बिहार, कांस्टेबल अभय सिंह को परिवहन शाखा पुलिस लाइन से स्वाट टीम, मनीष केशर को थाना दही से थाना सफीपुर तथा प्रदीप कुमार को थाना एफ-84 से परिवहन शाखा पुलिस लाइन स्थानांतरित किया गया है। इसी क्रम में कांस्टेबल ओम नारायण सिंह को पुलिस लाइन से थाना दही, अर्पित चौधरी को पुलिस लाइन से थाना गंगाघाट, अंकिता चौधरी को थाना बांगरमऊ से थाना एफ-84 और महिला कांस्टेबल बेबी यादव को शाखा डीसीआरबी से थाना दही भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि सभी स्थानांतरण तत्काल प्रभाव से लागू होंगे। संबंधित थाना प्रभारियों और शाखा प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे कर्मचारियों को शीघ्र कार्यमुक्त कर नए तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण कराने की प्रक्रिया सुनिश्चित करें। एसपी ने बताया कि यह प्रशासनिक व्यवस्था के तहत किया गया एक नियमित स्थानांतरण है। इसका उद्देश्य विभिन्न इकाइयों और थानों में कार्य व्यवस्था को और अधिक सुचारु एवं प्रभावी बनाना है।

# किशोरी को भगा कर ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अचलगंज दो माह पूर्व नाबालिक किशोरी को बहला फुसला कर अपहत कर ले जाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेजते हुए किशोरी को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा है। सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी 16 वर्षीय किशोरी नाना के यहां रह कर पढ़ाई कर रही थी दो माह पूर्व 2 मई 26 को एक युवक किशोरी को बहला फुसला कर अपहत कर ले गया था। कई दिन तक खोजबीन के बाद किशोरी का कोई सुराग न लगने पर किशोरी के पिता ने एक युवक के विरुद्ध अपनी पुत्री का अपहत करने का मुकदमा अचलगंज थाने में दर्ज कराया था घटना के दो माह बाद पुलिस ने बुधवार को आरोपी बेहटा निवासी प्रणब सिंह को लोहचा मोड निकट से गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष सुब्रत तिवारी ने बताया कि आरोपी को न्यायालय व किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।

# पारिवारिक विवाद को लेकर मां बेटे पर हमला

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। मौरावां थाना क्षेत्र में पारिवारिक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। बुधवार सुबह रेवला गांव में पत्नी के कथित प्रेम प्रसंग को लेकर हुए विवाद में एक युवक और उसकी मां पर कुल्हाड़ी से हमला किया गया। दोनों घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घायल युवक दीपू, जो रेवला गांव का निवासी है, ने बताया कि वर्ष 2013 में उसके बड़े भाई अनुराग की मृत्यु हो गई थी। इसके बाद उसने अपनी भाभी संगीता से विवाह कर लिया था और वह संगीता के तीनों बच्चों का पालन-पोषण भी कर रहा है। दीपू का आरोप है कि उसकी पत्नी का किसी अन्य व्यक्ति से प्रेम प्रसंग चल रहा था, जिसे लेकर घर में अक्सर विवाद होता था। उसने बताया कि चार दिन पहले भी उसके साथ मारपीट की गई थी। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग दीपू के अनुसार, दोबारा विवाद होने पर आरोपी अनुज, काका, उसकी पत्नी संगीता और एक अज्ञात व्यक्ति ने मिलकर उस पर हमला कर दिया। उसने आरोप लगाया कि आरोपियों ने उसकी मां रानी पर कुल्हाड़ी से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। दीपू को भी मारपीट कर हाथ, कान और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें पहुंचाई गईं। जिला अस्पताल में उपचाराधीन दीपू ने बताया कि घटना के बाद उसने पुलिस को लिखित शिकायत दी। पुलिस ने उसका मेडिकल परीक्षण कराया है। दीपू ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए सभी को गिरफ्तार कर जेल भेजने की अपील की है। सूचना मिलने पर मौरावां थाना प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह ने मामले का संज्ञान लिया और घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा। पुलिस का कहना है कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है। मेडिकल रिपोर्ट और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# बंदरों के आतंक से ग्रामीण परेशान, डीएम से लगाई गुहार

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। विकास खंड सिकंदरपुर सरोसी के परियर गांव में बंदरों का आतंक इस समय चरम पर है। ग्रामीणों ने इस समस्या से निजात दिलाने के लिए डीएम से लगाई गुहार। ग्राम पंचायत परियर में बंदरों के बढ़ते आतंक से ग्रामीणों का जनजीवन प्रभावित हो गया है। स्थिति ऐसी हो गई है कि लोगों के लिए घरों की छतों तथा बाहर निकलना तक मुश्किल हो गया है। बंदरों के डर से बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों में भय का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि कई लोगों पर बंदर हमला कर चुके हैं, जिससे चोटिल होने की घटनाएं भी सामने आई हैं। वहीं स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राओं को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विद्यालय परिसर और रास्तों में बंदरों की मौजूदगी के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इस समस्या को लेकर बाबा बलखंडेश्वर महादेव विकास सेवा समिति के अध्यक्ष रविशंकर मिश्र ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर बंदरों को शीघ्र पकड़वाने तथा ग्रामीणों को राहत दिलाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते उचित कार्रवाई नहीं की गई तो कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से वन विभाग की सहायता लेकर बंदरों को सुरक्षित तरीके से पकड़वाने और गांव को इस समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटकता मिला युवती का शव

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। असोहा थाना क्षेत्र के बाबुरहा गांव निवासी सुरजबली की 19 वर्षीय पुत्री रोशनी ने घर के अंदर कमरे में लटके छल्ले में चुन्नी के सहारे लटक कर अपनी जान दे दी परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल भेज दिया मृतका की माँ गंगाजली ने बताया कि आज सुबह गांव के सन्तु के खेत मे धान की रोपाई के लिये रोशनी को जाना था, और मैं जानवर चराने जंगल चली गई थी। मेरे दोनो बेटे विशाल व विकास अपनी पत्नियों के साथ ससुराल में शादी थी तो वही सोमवार की शाम गए थे, मेरी छोटी बेटी रागिनी गांव के बाहर बने दूसरे घर पर थी, दोपहर लगभग 12 बजे जब मैं जानवर चरा कर घर आई तो देखा कि घर के दरवाजे बंद है, कई आवाजे लगाई, पड़ोसी भी आ गए उन लोगो ने भी आवाज लगाई जब कोई उत्तर नही मिला तो हम ने 112 नम्बर पर डायल कर सूचना दी मेरी सूचना पर पहुंची 112 के सिपाहियों ने छत पर चढ़ कर घर के अंदर गए दरवाजा खोला तो कमरे में रोशनी का शव फांसी के फंदे पर लटक रहा था थाना प्रभारी फूल सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

## सम्पादकीय

# शांति के लिए आतंक की जड़ों पर प्रहार जरूरी

जम्मू-कश्मीर में केवल आतंकियों के मारे जाने से आतंकवाद समाप्त नहीं होगा। पिछले तीन दशकों का अनुभव यही बताता है कि जब तक आतंक की जड़ों पर कड़ा प्रहार नहीं होगा, तब तक नए चेहरे पुराने आतंकियों की जगह लेते रहेंगे। सीमा पार से घुसपैठ, पाकिस्तान समर्थित आतंकी ढांचा, हवाला के जरिए फंडिंग, सोशल मीडिया के माध्यम से कट्टरपंथ का प्रसार और स्थानीय युवाओं की भर्ती, ये सभी आतंकवाद की वे जड़ें हैं, जिन्हें पूरी तरह उखाड़कर फेंकना जरूरी है। आतंकवाद की फैक्ट्री तभी बंद होगी, जब उसके हर स्रोत को एक साथ समाप्त किया जाएगा। तभी घाटी में स्थायी शांति स्थापित हो सकेगी। हाल के दिनों में सामने आई दो घटनाएं। पहली शोपियां में लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकियों का मारा जाना और दूसरी, सरकारी स्कूलों के पुस्तकालयों में अलगाववादी विचारधारा वाली पुस्तकों का मिलना स्पष्ट संकेत देती हैं कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई सुरक्षा और वैचारिक, दोनों मोर्चों पर एक साथ लड़नी होगी। शोपियां में सुरक्षा बलों ने जिस सटीक रणनीति और खुफिया जानकारी के आधार पर लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकियों को मार गिराया, वह भारतीय सुरक्षा तंत्र की बढ़ती क्षमता का प्रमाण है। इनमें से एक आतंकी जाकिर अहमद गनी पहलगाम आतंकी हमले के बाद जारी 14 मोस्ट वांटेड स्थानीय आतंकियों की सूची में शामिल था। सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ के संयुक्त अभियान ने यह साबित किया कि सुरक्षा एजेंसियां अब केवल घटनाओं के बाद कार्रवाई नहीं कर रहीं, बल्कि आतंक के पूरे नेटवर्क को व्यवस्थित रूप से ध्वस्त करने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। इसी संदर्भ में सरकारी स्कूलों के पुस्तकालयों में अलगाववादी विचारों से जुड़ी सामग्री मिलने का मामला भी गंभीर चिंता का विषय है। यदि शिक्षा के माध्यम से युवाओं के मन में अलगाववाद या हिंसक सोच के प्रति सहानुभूति पैदा करने का प्रयास किया जाता है, तो यह भविष्य के लिए बड़ा खतरा बन सकता है। प्रशासन द्वारा आठ अधिकारियों को निलंबित करना, संबंधित लेखकों और प्रकाशकों को ब्लैकलिस्ट करना और जांच के आदेश देना इस बात का संकेत है कि सरकार इस मामले को केवल प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि संभावित वैचारिक चुनौती के रूप में देख रही है। यदि शैक्षणिक सामग्री किसी भी रूप में हिंसा, अलगाववाद या राष्ट्र-विरोधी सोच को महिमामंडित करती है, तो उसकी निष्पक्ष समीक्षा और आवश्यक कार्रवाई होना स्वाभाविक है। हालांकि, सुरक्षा के साथ विकास भी उतना ही आवश्यक है। कश्मीर के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, रोजगार, उद्यमिता, खेल और तकनीकी अवसर उपलब्ध कराना होगा। जिस युवा के सामने सम्मानजनक भविष्य होगा, उसके आतंकवाद के रास्ते पर भटकने की संभावना स्वतः कम होगी। स्थानीय लोगों का विश्वास जीतना, लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत करना और विकास की गति तेज करना आतंकवाद के खिलाफ सबसे प्रभावी दीर्घकालिक रणनीति है। जम्मू-कश्मीर में स्थायी शांति तभी स्थापित होगी, जब सुरक्षा बल आतंकियों पर निर्णायक प्रहार करते रहें, प्रशासन आतंक के वैचारिक और आर्थिक नेटवर्क को ध्वस्त करे और समाज युवाओं को हिंसा के बजाय विकास का रास्ता दिखाए। आतंकवाद के खिलाफ भारत की सबसे बड़ी जीत तभी होगी, जब कश्मीर की नई पीढ़ी बंदूक नहीं, बल्कि किताब, कौशल और भविष्य का चुनाव करेगी। यही स्थायी शांति का सबसे मजबूत आधार है।



जयंती विशेष

नरेंद्र मोदी


# देश की एकता व प्रगति को समर्पित जीवन

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन साहस और मां भारती के प्रति अटूट समर्पण का प्रेरणादायक उदाहरण है। उनके व्यक्तित्व में विद्वता, जनसेवा और उच्च नैतिक मूल्यों का अद्भुत संगम था। श्यामा प्रसाद का जन्म ऐसे परिवार में हुआ था, जहां उन्हें सुख-सुविधाओं से भरपूर जीवन आसानी से मिल सकता था। उनके पिता सर आशुतोष मुखर्जी की गिनती अपने समय के महान शिक्षाविदों में होती थी, लेकिन तमाम सुविधाओं के बावजूद श्यामा प्रसाद ने त्याग और राष्ट्रसेवा का मार्ग चुना। उनका दृढ़ विश्वास था कि चाहे अंग्रेजी शासन का विरोध हो, सांप्रदायिकता से लड़ाई हो या मानवीय संकटों का सामना, वे अपने समय की इन चुनौतियों के सामने मूकदर्शक बनकर नहीं रह सकते।

सेवा के आदर्शों में विश्वास रखने वाले करोड़ों देशवासियों के लिए बहुत ही विशेष है। आज हम डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जन्म-जयंती मना रहे हैं। उनका जीवन साहस और मां भारती के प्रति अटूट समर्पण का प्रेरणादायक उदाहरण है। डॉ. मुखर्जी के व्यक्तित्व में विद्वता, जनसेवा और उच्च नैतिक मूल्यों का अद्भुत संगम था। आधुनिक भारत के कुछ ही नेताओं में इतने सारे गुण एक साथ देखने को मिलते हैं। श्यामा प्रसाद का जन्म ऐसे परिवार में हुआ था, जहां उन्हें सुख-सुविधाओं से भरपूर जीवन आसानी से मिल सकता था। उनके पिता सर आशुतोष मुखर्जी की गिनती अपने समय के महान शिक्षाविदों में होती थी, लेकिन तमाम सुविधाओं के बावजूद श्यामा प्रसाद ने त्याग और राष्ट्रसेवा का मार्ग चुना।

उनका दृढ़ विश्वास था कि चाहे अंग्रेजी शासन का विरोध हो, सांप्रदायिकता से लड़ाई हो या मानवीय संकटों का सामना, वे अपने समय की इन चुनौतियों के सामने मूकदर्शक बनकर नहीं रह सकते। इस सफर में उन्हें कई गहरे व्यक्तिगत दुख भी झेलने पड़े। पहले उन्होंने अपने छोटे बच्चे को खोया और बाद में पत्नी का भी निधन हो गया। लेकिन इन दुखद परिस्थितियों में भी उन्होंने अपने हौसले को कमजोर नहीं पड़ने दिया। उनका संकल्प और सशक्त हुआ, राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पण और गहरा होता गया। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन का सबसे बड़ा उद्देश्य भारत की एकता और अखंडता की रक्षा करना था। देश के विभाजन के समय उन्होंने पश्चिम बंगाल को भारत का अभिन्न अंग बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कुछ वर्षों बाद इसी उद्देश्य से उन्होंने जम्मू-कश्मीर के मुद्दे पर भी संघर्ष किया। जेल और नजरबंदी भी उन्हें रास्ते से डिगा नहीं सकी। जब नजरबंदी के दौरान उनका निधन हुआ, तब वे उन अनगिनत लोगों से बहुत दूर थे, जिनके लिए वे जीवनभर संघर्ष करते रहे।

इतिहास में कुछ ऐसे पल आते हैं, जब किसी व्यक्ति का सर्वोच्च बलिदान राजनीति से ऊपर उठकर देश की स्मृति का हिस्सा बन जाता है। डॉ. मुखर्जी का बलिदान भी ऐसा ही था। आचार्य विनोबा भावे ने कहा था कि डॉ. मुखर्जी ने उस उद्देश्य के लिए अपना बलिदान दिया, जिस पर उन्हें पूरा विश्वास था। दशकों बाद, साल 2019 में आर्टिकल 370 और 35(A) को हटाया जाना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि थी। डॉ. मुखर्जी ने हमेशा राष्ट्रहित और भारतीय मूल्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। इसके लिए उन्होंने मजबूत संस्थानों का निर्माण किया और ऐसी व्यवस्थाएं बनाईं, जो उस समय की सोच से काफी आगे थीं। वे कलकत्ता विश्वविद्यालय के सबसे युवा कुलपति बने। उन्होंने शिक्षा व्यवस्था में ऐसे बदलाव किए, जो राष्ट्रहित और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप थे। विद्यार्थियों में अपनी यूनिवर्सिटी के प्रति गर्व की भावना विकसित हो, इसके लिए उन्होंने 24 जनवरी को विश्वविद्यालय का स्थापना दिवस मनाने की परंपरा शुरू की। उन्होंने गुरुदेव टैगोर से विश्वविद्यालय के लिए एक गीत लिखने का अनुरोध भी किया था। उनके जीवन के बाद के वर्षों में इस भावना का एक और उदाहरण तब देखने को मिला, जब उन्होंने भारतीय जनसंघ बनाने का निर्णय लिया। उस समय देश में हर तरफ कांग्रेस पार्टी का ही बोलबाला था। ऐसे में उन्होंने महसूस किया कि देश



को एक ऐसे नए विकल्प की बहुत जरूरत है, जो भारत की प्रगति की बात भी करे और हमारी सांस्कृतिक जड़ों से भी जुड़ा रहे। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का भारत के पहले उद्योग एवं आपूर्ति मंत्री के रूप में कार्यकाल बेहद अहम रहा। उन्हें एक ऐसे राजनेता के रूप में याद किया जाता है, जिनका विजन बहुत विराट था। वे उद्योग को नए-नए आजाद हुए भारत के लोगों में सम्मान, अवसर और आत्मविश्वास का संचार करने का सशक्त माध्यम मानते थे। वे वेल्थ और वैल्यू क्रिएशन के महत्व को भली-भांति समझते थे। उन्होंने दामोदर वैली कॉरपोरेशन, सिंदरी उर्वरक संयंत्र और मजबूत औद्योगिक नीति जैसी ऐतिहासिक पहल की। इसके माध्यम से आधुनिक औद्योगिक भारत की नींव रखी। इसके साथ ही उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि भारत के पारंपरिक सामर्थ्य की कभी उपेक्षा न हो। वे हथकरघा, कुटीर उद्योग, कारीगरों और कपड़ा उद्योग से जुड़े श्रमिकों के हितों के भी प्रबल समर्थक थे। भारत की प्राचीन परंपरा सदियों से संवाद और विचार-विमर्श का सम्मान करती आई है। डॉ. मुखर्जी इस लोकतांत्रिक भावना के सशक्त प्रतीक थे। उन्होंने पंडित नेहरू के मंत्रिमंडल में शामिल होना इसलिए स्वीकार किया, क्योंकि वे मानते थे कि देश की आजादी के शुरुआती वर्षों में राष्ट्र निर्माण का दायित्व राजनीतिक मतभेदों से कहीं ऊपर है। उन्होंने पूरी निष्ठा और रचनात्मक दृष्टिकोण के साथ अपनी जिम्मेदारियों को निभाया। जब उन्हें लगा कि राष्ट्रीय महत्व के कुछ प्रश्नों पर देशहित में अलग मार्ग अपनाना आवश्यक है, तो उन्होंने पूरी गरिमा के साथ अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद उन्होंने अपना पूरा जीवन उस राजनीतिक लक्ष्य को हासिल करने के लिए समर्पित कर दिया, जिसे वे राष्ट्र के लिए आवश्यक मानते थे। 75 वर्ष पहले पंडित नेहरू पहला संविधान संशोधन लेकर आए। इसे अभिव्यक्ति की आजादी पर सीधा प्रहार माना गया। तब डॉ. मुखर्जी इसके सबसे मुखर आलोचक रहे थे। वे भली-भांति समझ चुके थे कि कांग्रेस किस हद तक जा सकती है। समय के साथ उनकी यह आशंका सही साबित हुई। जो पार्टी 75 वर्ष पहले पहला संविधान संशोधन लेकर आई थी, उसी ने 1975 में देश पर आपातकाल थोपा। डॉ. मुखर्जी अपनी मानवीय संवेदनाओं और सेवाभाव के लिए भी विशेष रूप से जाने जाते हैं। वर्ष 1943 में जब बंगाल भीषण अकाल की त्रासदी से जूझ रहा था, तब उन्होंने पीड़ितों की सेवा में स्वयं को पूरी तरह समर्पित कर दिया था। एक ओर वे लोगों की पीड़ा से बहुत व्यथित थे, वहीं दूसरी ओर ब्रिटिश हुकूमत की असंवेदनशीलता से अत्यंत आक्रोशित भी थे। उन्होंने अपनी पीड़ा व्यक्त करने के लिए पंचाशेर मन्वंतर नाम की एक किताब भी लिखी।

1942 में जब मेदिनीपुर में भीषण चक्रवात आया, तब उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों का नेतृत्व किया। कोलकाता के एक कॉलेज में युवाओं को संबोधित करते हुए डॉ. मुखर्जी ने उनसे आग्रह किया था, ''आप जो भी कार्य करें, उसे पूरी गंभीरता, लगन और ईमानदारी से करें। किसी भी काम को कभी अधूरा न छोड़ें। तब तक स्वयं को संतुष्ट न मानें, जब तक आपने उसमें अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान न दे दिया हो।'' आज हमारा देश विकसित भारत के लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। ऐसे में उनके प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम प्रतिदिन उस भारत के निर्माण की दिशा में निरंतर प्रयास करें, जिसकी उन्होंने परिकल्पना की थी। एक ऐसा भारत जो सशक्त हो, एकजुट हो, आत्मविश्वास से भरपूर और संवेदनशील हो। देश के युवाओं पर मुझे पूरा विश्वास है कि वे इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए बढ़-चढ़कर भागीदारी करेंगे और इस संकल्प को साकार करने के लिए पूरी ऊर्जा के साथ जुट जाएंगे।

## ग्रामीण विकास दिवस

बलकार सिंह पूनियां



# उपलब्धियों के बीच अधूरी विकास यात्रा

किसी भी राष्ट्र की वास्तविक प्रगति का आकलन उसकी ऊंची इमारतों, चौड़ी सड़कों और महानगरों की चमक-दमक से नहीं, बल्कि उसके गांवों की सामाजिक, आर्थिक और मानवीय स्थिति से किया जाता है। गांव केवल कृषि उत्पादन के केंद्र नहीं हैं, बल्कि वे संस्कृति, परंपरा, जैव विविधता, खाद्य सुरक्षा और सामाजिक स्थिरता के आधार स्तंभ भी हैं। यही कारण है कि प्रत्येक वर्ष 6 जुलाईको मनाया जाने वाला विश्व ग्रामीण विकास दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि यह स्मरण कराने का अवसर है कि यदि ग्रामीण क्षेत्रों का समग्र विकास नहीं होगा, तो सतत, समावेशी और न्यायपूर्ण विकास का लक्ष्य अधूरा ही रहेगा। वर्ष 2026 की थीम- 'लचीलेपन में निहितः कैसे ग्रामीण विकास गरीबी उन्मूलन, जलवायु कार्रवाई और साझा समृद्धि को बढ़ावा देता है' -वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में अत्यंत प्रासंगिक है। यह थीम बताती है कि ग्रामीण विकास अब केवल कृषि तक सीमित विषय नहीं रह गया है, बल्कि यह जलवायु परिवर्तन, खाद्य सुरक्षा, रोजगार, सामाजिक न्याय और आर्थिक समृद्धि का आधार बन चुका है। आज जब दुनिया आर्थिक असमानता, जलवायु संकट, खाद्य असुरक्षा और अनियंत्रित शहरीकरण जैसी चुनौतियों से जूझ रही है, तब गांवों को विकास की मुख्यधारा में लाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। विश्व बैंक और संयुक्त राष्ट्र की विभिन्न रिपोर्टों के अनुसार आज भी विश्व के अत्यधिक गरीब लोगों का लगभग 80 प्रतिशत हिस्सा ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करता है। अनियमित वर्षा, सूखा, बाढ़ और बढ़ते तापमान ने कृषि आधारित अर्थव्यवस्थाओं को अस्थिर बना दिया है। इसलिए ग्रामीण विकास का अर्थ केवल सड़क, बिजली और भवन निर्माण तक सीमित नहीं रह जाता, बल्कि ऐसा सक्षम ग्रामीण समाज तैयार करना है जो संकटों का सामना करते हुए आत्मनिर्भर विकास का मार्ग प्रशस्त कर सके। भारत का अनुभव इस दिशा में आशा और चुनौती-दोनों का परिचायक है। पिछले एक दशक में ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत संरचना और सेवाओं के विस्तार में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनाने गांवों को बेहतर संपर्क प्रदान किया, जल जीवन मिशन ने करोड़ों परिवारों तक नल से जल पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया, जबकि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) ने लाखों परिवारों को पक्के आवास उपलब्ध कराए। डिजिटल इंडिया, भारतनेट, जनधन-आधार-मोबाइल ट्रिनिटी और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण जैसी पहलों ने ग्रामीण भारत में वित्तीय समावेशन और सरकारी सेवाओं की पारदर्शिता को नई दिशा दी है। आज गांव का नागरिक भी मोबाइल फोन के माध्यम से बैंकिंग, डिजिटल भुगतान और सरकारी योजनाओं का लाभ उठा रहा है। 'सरस' जैसे विपणन मंचों ने ग्रामीण उत्पादों को राष्ट्रीय पहचान दिलाई है। यह स्पष्ट करता है कि यदि ग्रामीण समुदायों को प्रशिक्षण, वित्त और बाजार उपलब्ध कराया जाए, तो वे आत्मनिर्भर विकास का सफल मॉडल प्रस्तुत कर सकते हैं। फिर भी यह तस्वीर पूरी तरह संतोषजनक नहीं कही जा सकती। ग्रामीण विकास की गति पूरे देश में समान नहीं है। अनेक गांव आज भी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं, उच्च शिक्षा, सिंचाई, डिजिटल कनेक्टिविटी, कृषि प्रसंस्करण और बाजार तक पहुंच जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। क्षेत्रीय असमानताएं विकास की गति को प्रभावित कर रही हैं और यही असमानता समावेशी विकास की सबसे बड़ी चुनौती है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ कृषि है, लेकिन कृषि स्वयं अनेक संकटों से घिरी हुई है। छोटे और सीमांत किसानों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जबकि उनकी आय अपेक्षित गति से नहीं बढ़ पाई है। खेती की लागत बढ़ रही है, बाजार मूल्य अनिश्चित हैं और जलवायु परिवर्तन ने जोखिम को कई गुना बढ़ा दिया है। अनियमित मानसून, सूखा, बाढ़ और अत्यधिक तापमान का सीधा प्रभाव उत्पादन और किसानों की आय पर पड़ रहा है। विश्व ग्रामीण विकास दिवस हमें यह संदेश देता है कि विकास केवल आर्थिक वृद्धि का नाम नहीं है। वास्तविक विकास वही है

## उद्यमो भैरवः



संकलित

दर्शन

हम इस दार्शनिक उलझन में पड़ गए हैं कि प्रभु करते हैं या हम करते हैं। क्या मैंने भी कुछ किया है या सबकुछ प्रभु ही कराते हैं? इसको समझना बहुत आवश्यक है। इस बात को समझे बिना, आध्यात्म के नाम पर हम क्या-क्या करते हैं। इसलिए, तथाकथित धार्मिक या आध्यात्मिक लोग बहुत समस्या पैदा करते हैं। स्वयं भी समस्या में उलझ जाते हैं और दूसरों के लिए भी समस्या पैदा कर देते हैं, क्योंकि उन्हें अकर्मण्यता पकड़ लेती है। एक विलक्षण शिव सूत्र है, 'उद्यमो भैरवः' भैरव शिव जी से ही प्रकट हुई शक्ति है। यदि आप किसी कार्य में संलग्न हैं तो उसमें अपना सौ प्रतिशत लगाएं। यही उद्यम है। ये आपको मुक्त कर देगा। जो काम करना है, उसके बारे में सोचकर बैठे रहने से कुछ नहीं होगा। करना है और छोड़ने के बारे में सोच रहे हैं तो वह भी नहीं होगा। जो करना है, वह पूरा करके समाप्त करें और जो छोड़ना है, उसे छोड़कर शांत हो जाएं। दोनों में सौ प्रतिशत लगाएं। उद्यमो भैरवः प्रयत्न भी भगवान ही है। यदि हमारे उद्यम से ही सारा लाभ प्राप्त हो जाए तो हर एक व्यक्ति सफल हो जाता। ऐसा तो नहीं होता है। जब आप कोई काम करते हैं तो कभी सफल होते हैं और कभी असफल होते हैं। एक आलसी व्यक्ति सब छोड़कर बैठ जाता है। जब होगा, तब होगा। और जो व्यक्ति ज्वर से पीड़ित है, वह करता ही जा रहा है। वह तनाव से भरा हुआ है। वह आशाओं के पत्थरों को सिर पर ढो रहा है। उसके भीतर विभिन्न प्रकार की नकारात्मक संवेदनाएं उत्पन्न होने लगती हैं। तो मार्ग क्या है? कहां है?

## जमींदार और मजदूर के कर्म का फल



संकलित

प्रेरणा

एक गांव में जमींदार और उसके एक मजदूर की साथ ही मौत हुई। दोनों यमलोक पहुंचे। धर्मराज ने जमींदार से कहा- आज से तुम मजदूर की सेवा करोगे। मजदूर से कहा- अब तुम कोई काम नहीं करोगे, आराम से यहां रहोगे। जमींदार परेशान हो गया। पृथ्वी पर तो मजदूर जमींदार की सेवा करता था, पर अब उल्टा होने वाला था। जमींदार ने कहा- भगवन, आप ने मुझे यह सजा क्यों दी? मैं तो भगवान का परम भक्त हूं। प्रतिदिन मंदिर जाता था। देसी घी से भगवान की आरती करता था और बहुमूल्य चीजें दान करता था। धर्म के अन्य आयोजन भी मैं करता ही रहता था। धर्मराज ने मजदूर से पूछा- तुम क्या करते थे पृथ्वी पर? मजदूर ने कहा- भगवन, मैं गरीब मजदूर था। दिन भर जमींदार के खेत में मेहनत मजदूरी करता था। मजदूरी में उनके यहां से जितना मिलता था, उसी में परिवार के साथ गुजारा करता था। मोह माया से दूर जब समय मिलता था तब भगवान को याद कर लेता था। भगवान से कभी कुछ मांगा नहीं। गरीबी के कारण प्रतिदिन मंदिर में आरती तो नहीं कर पाता था, लेकिन जब घर में तेल होता तब मंदिर में आरती करता था और आरती के बाद दीपक को अंधेरी गली में रख देता था ताकि अंधेरे में आने-जाने वाले लोगों को प्रकाश मिले। धर्मराज ने जमींदार से कहा- आपने सुन ली न मजदूर की बात? भगवान धन-दौलत और अहंकार से खुश नहीं होते। भगवान मेहनत और ईमानदारी से कमाने वाले व्यक्ति से प्रसन्न रहते हैं।

# योगी आदित्यनाथ : सनातन चेतना के प्रखर प्रवक्ता और सुशासन की राजनीति का चेहरा

लेखक ---- डॉ0 राज कुमार सिंह चौहान

हिन्दी दैनिक अमन लेखनी लखनऊ

भारतीय राजनीति में कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं जो केवल अपने पद के कारण नहीं, बल्कि अपने विचार, कार्यशैली और जनस्वीकार्यता के कारण विशिष्ट पहचान बनाते हैं। योगी आदित्यनाथ ऐसे ही नेताओं में शामिल हैं। उन्हें समर्थक हिंदुत्व और सनातन संस्कृति का प्रखर प्रवक्ता मानते हैं, जबकि उनके आलोचक उनकी नीतियों और दृष्टिकोण पर अलग मत रखते हैं। यही कारण है कि वे समकालीन भारतीय राजनीति के सबसे अधिक चर्चा में रहने वाले नेताओं में से एक हैं।



गोरक्षपीठ की परंपरा से जुड़े योगी आदित्यनाथ ने सार्वजनिक जीवन में धर्म, राष्ट्रवाद और जनसेवा को अपने राजनीतिक विमर्श का प्रमुख आधार बनाया। मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्होंने कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने, अपराध और माफिया के विरुद्ध कठोर कार्रवाई, आधारभूत संरचना के विस्तार, धार्मिक स्थलों के विकास तथा निवेश को बढ़ावा देने जैसे विषयों पर विशेष बल दिया। समर्थकों का मानना है कि इन कदमों ने उत्तर प्रदेश की प्रशासनिक छवि में महत्वपूर्ण परिवर्तन किया।

सनातन संस्कृति के प्रति उनकी प्रतिबद्धता उनके सार्वजनिक जीवन का प्रमुख पक्ष रही है। अयोध्या, काशी और मथुरा जैसे धार्मिक महत्व के स्थलों के विकास, धार्मिक आयोजनों के संरक्षण तथा भारतीय सांस्कृतिक विरासत के प्रचार-प्रसार को उनकी सरकार की प्राथमिकताओं में गिना जाता है। समर्थकों के अनुसार उन्होंने सनातन परंपराओं को सांस्कृतिक गौरव के रूप में स्थापित करने का प्रयास किया है।

योगी आदित्यनाथ बार-बार यह कहते रहे हैं कि भारत की सांस्कृतिक पहचान उसकी सनातन परंपरा में निहित है। उनके भाषणों में राष्ट्रवाद, सांस्कृतिक अस्मिता और भारतीय मूल्यों का उल्लेख प्रमुखता से दिखाई देता है। उनके समर्थकों का विश्वास है कि उन्होंने हिंदुत्व को केवल राजनीतिक नारे के रूप में नहीं, बल्कि सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रीय एकता से जोड़ने का प्रयास किया है।

प्रशासनिक दृष्टि से उनकी सरकार ने एक्सप्रेसवे, हवाई अड्डों, मेडिकल कॉलेजों, औद्योगिक निवेश, डिजिटल प्रशासन और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार पर भी व्यापक कार्य किया है। निवेशकों को आकर्षित करने के लिए आयोजित कार्यक्रमों तथा औद्योगिक विकास की योजनाओं ने उत्तर प्रदेश को आर्थिक दृष्टि से नई पहचान दिलाने का प्रयास किया है।

हालाँकि लोकतंत्र में किसी भी बड़े नेता की तरह योगी आदित्यनाथ की नीतियाँ बहस और आलोचना का विषय भी रही हैं। उनके समर्थक उन्हें निर्णायक नेतृत्व का प्रतीक मानते हैं, जबकि आलोचक कुछ नीतियों और उनके प्रभावों पर प्रश्न उठाते हैं। लोकतांत्रिक व्यवस्था की यही विशेषता है कि विभिन्न दृष्टिकोणों के बीच जनमत अपना निर्णय करता है।

आज योगी आदित्यनाथ केवल उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री भर नहीं, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति के प्रभावशाली चेहरों में गिने जाते हैं। उनके समर्थकों के लिए वे सनातन संस्कृति, राष्ट्रवाद और सशक्त प्रशासन के प्रतीक हैं। आने वाले वर्षों में भारतीय राजनीति में उनकी भूमिका किस प्रकार विकसित होती है, इस पर देश की निगाहें बनी रहेंगी।

योगी आदित्यनाथ का व्यक्तित्व आध्यात्मिक परंपरा, राजनीतिक नेतृत्व और प्रशासनिक दृढ़ता का एक विशिष्ट संगम प्रस्तुत करता है। समर्थकों की दृष्टि में वे सनातन संस्कृति के सशक्त प्रवक्ता और सुशासन के प्रतीक हैं, जबकि लोकतांत्रिक विमर्श में उनके कार्यों और नीतियों का मूल्यांकन विभिन्न दृष्टिकोणों से निरंतर होता रहेगा। यही किसी भी बड़े जननेता की पहचान भी है।



(लेखक हिंदी दैनिक अमन लेखनी के प्रधान संपादक हैं)

## ट्रेंड

### अपूरणीय क्षति



प्रसिद्ध पंडवानी गायिका, पद्म विभूषण तीजन बाई के निधन की खबर अत्यंत दुखद है। उनका जाना देश की कला जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें। ॐ शांति।

- नितिन गडकरी, केंद्रीय राजमार्ग मंत्री

### सोलर एनर्जी



यह देखकर अच्छा लगता है कि रिहायशी इलाके रोजमर्रा की जिंदगी में सोलर एनर्जी को अपना रहे हैं। द्वारका में एयर फोर्स और नेवल ऑफिसर्स एन्क्लेव में 500 केवी के सोलर प्लांट का उद्घाटन, एक ज्यादा हरे-भरे, आत्मनिर्भर और विकसित दिल्ली बनाने के बढ़ते संकल्प को दिखाता है।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### मेहनत का सबूत



बिहार के प्रतिभाशाली युवा क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी को हार्दिक बधाई, जिन्होंने 15 साल की उम्र में भारतीय क्रिकेट टीम के लिए डेब्यू करके इतिहास रचा है। इतनी कम उम्र में देश का प्रतिनिधित्व करना आपके हुनर, कड़ी मेहनत और लगन का सबूत है।

- सम्राट चौधरी, सीएम, बिहार

### बुनियादी मानक पूरे नहीं



उत्कृष्टता' का प्रवचन देने वालों को 'डॉ. राम मनोहर लोहिया उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी' को पूरा करने में 11 साल लग गये। बनाया भी तो इतने निम्न स्तर का कि उत्कृष्टता तो दूर, गुणवता का एक भी बुनियादी मानक पूरा नहीं किया।

- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

## संक्षेप

### युवती 24 घंटे में सकुशल बरामद

#### इन्हौना पुलिस की त्वरित कार्रवाई, परिजनों को सौंपा

अमेठी , इन्हौना थाना क्षेत्र से लापता हुई एक युवती को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। इस त्वरित कार्रवाई के लिए उपनिरीक्षक धर्मेंद्र सिंह और उनकी टीम की सराहना की जा रही है। पुलिस को दिए गए प्रार्थना-पत्र में एक महिला ने आरोप लगाया है कि फरीदगढ़ मजरा आजादपुर निवासी नूरैन पुत्र सादिक अली ने युवती को फोन कर घर के बाहर बुलाया और अपने साथ दिल्ली ले गया। युवती के वापस लौटने पर उसने परिजनों को बताया कि उसके साथ प्रताड़ना की गई थी। पीड़ित पक्ष ने आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। मामले की सूचना मिलते ही इन्हौना थाना पुलिस सक्रिय हो गई। उपनिरीक्षक धर्मेंद्र सिंह के नेतृत्व में एक टीम ने 24 घंटे के भीतर युवती को सकुशल बरामद कर लिया। इसके बाद पीड़िता के बयान और उपलब्ध तथ्यों के आधार पर कानूनी कार्रवाई शुरू की गई। उपनिरीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई कर युवती को बरामद किया। मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगीक्षेत्र के लोगों का कहना है कि संवेदनशील मामलों में पुलिस की त्वरित कार्रवाई से आमजन का विश्वास मजबूत होता है। फिलहाल मामले की जांच जारी है और पुलिस का कहना है कि आगे की कार्रवाई जांच में सामने आने वाले तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर की जाएगी।

### जगदीशपुर पुलिस ने मारपीट के आरोपी को किया गिरफ्तार

#### घटना में प्रयुक्त डंडा बरामद, विधिक कार्यवाही जारी

अमेठी ,जगदीशपुर थाना पुलिस ने मारपीट के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान धर्मवीर उर्फ वीरे (28) के रूप में हुई है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक डंडा भी बरामद किया है। यह गिरफ्तारी 5 जुलाई 2026 को मुखबिर की सूचना पर की गई ।यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री सरवणन टी. के निर्देश और अपर पुलिस अधीक्षक श्री ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद में चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत की गई। क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना श्री अतुल कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में जगदीशपुर पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई की। गिरफ्तार अभियुक्त धर्मवीर उर्फ वीरे पुत्र स्व. गंगाराम, नारा अढ़नपुर, थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक, जनपद अमेठी का निवासी है। उसके खिलाफ जगदीशपुर थाने में मु0अ0सं0 206/26 धारा 109(1), 351(3), 190, 191(2), 191(3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि बरामदगी और गिरफ्तारी के संबंध में जगदीशपुर थाना पुलिस द्वारा आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# बहराइच में कैशलेस चिकित्सा योजना के शुभारंभ पर भव्य आयोजन

## शिक्षकों को मिली 05 लाख रुपए तक की स्वास्थ्य सुरक्षा

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा



बहराइच। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी से माध्यमिक शिक्षा विभाग एवं बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों, अनुदेशकों, शिक्षामित्रों, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (के.जी.बी.इ.वी.) के समस्त कार्मिकों तथा रसोइयों के लिए रू. 05 लाख तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जनपद बहराइच में जनपद एवं तहसील स्तर पर भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जनपद स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन उत्थान ऑडोटोरियम में किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार द्वारा नामित नोडल अधिकारी एवं उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति/जनजाति आयोग के उपाध्यक्ष जीत सिंह खरवार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, एम.एल.सी. डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, जिला अधिकारी अक्षय त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता, जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदानंद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह सहित मुख्य प्रबन्धक श्रद्धा शुक्ला भारतीय स्टेट बैंक, खंड शिक्षा अधिकारी, विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक, शिक्षकाएं व अन्य सम्बन्धित मौजद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके उपरांत विद्यालय छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समां बाँध दिया। देशभक्ति, शिक्षा एवं सामाजिक समरसता पर आधारित प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं शिक्षकों की भरपूर सराहना प्राप्त की। अतिथियों ने बच्चों की प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री के वाराणसी से प्रसारित संबोधन का सजीव प्रसारण दिखाया गया। अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षकों एवं शिक्षा विभाग के समस्त कार्मिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुरक्षा उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। कैशलेस चिकित्सा सुविधा से लाखों शिक्षक एवं कर्मचारी बिना आर्थिक चिंता के गुणवत्तापूर्ण उपचार प्राप्त कर सकेंगे। मुख्य अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि यह योजना शिक्षा परिवार के लिए मुख्यमंत्री का एक ऐतिहासिक एवं संवेदनशील उपहार है, जिससे शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों, (के.जी.बी.इ.वी.) कार्मिकों एवं रसोइयों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने उपस्थित सभी कार्मिकों से योजना का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में 200 से अधिक शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक, (के.जी.बी.इ.वी.) कार्मिक, रसोइये एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने सहभागिता की। जनपद के सभी तहसील मुख्यालयों पर भी इसी क्रम में कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहाँ बड़ी संख्या में शिक्षा विभाग के कार्मिकों ने मुख्यमंत्री के संबोधन का सजीव प्रसारण देखा। क्षेत्रीय प्रबंधक विवेक कुमार सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज बेसिक शिक्षा विभाग एवं भारतीय स्टेट बैंक के मध्य शिक्षकों के बैंक खाते खोलने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए जा रहे हैं। यह समझौता केवल खाते खोलने तक सीमित नहीं है, बल्कि शिक्षा विभाग और भारतीय स्टेट बैंक के बीच विश्वास, सहयोग एवं उत्कृष्ट बैंकिंग सेवाओं की एक नई शुरूआत का प्रतीक है। हमारा उद्देश्य है कि प्रत्येक शिक्षक को सरल, सुरक्षित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण बैंकिंग सेवाएँ समयबद्ध रूप से उपलब्ध हों। हमें पूर्ण विश्वास है कि इस साझेदारी से शिक्षकों को बेहतर बैंकिंग सुविधाएँ प्राप्त होंगी तथा भारतीय स्टेट बैंक और शिक्षा विभाग के बीच संबंध और अधिक सुदृढ़ होंगे। सम्पूर्ण कार्यक्रम का सफल संचालन एवं समन्वय बेसिक शिक्षा विभाग, बहराइच द्वारा किया गया। पूरे आयोजन में उत्साह, अनुशासन एवं गरिमामय वातावरण देखने को मिला।

# यूपी ग्रामीण बैंक का कारनामा, खाते से पैसे हुए गायब



अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के खाताधारक के खाते से अवैध रूप से दो बार अलग-अलग दिनांक में लगभग 74 हजार रुपए किसी अन्य के खाते में ट्रांसफर कर अपने चहेते का लोन क्लियर कर दिया ।मिली जानकारी के मुताबिक खाताधारक विनोद कुमार गिरि पेशे से सरकारी अध्यापक है, जिसका खाता उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा जमोग में संचालित है ।पीड़ित शिक्षक 8 जुलाई कों जब खाते से पैसे निकालने पहुंचा तो खाते से सारा पैसा गायब मिला। खोजबीन करने पर पता चला कि 29 जून कों 6485 रुपए व 2 जुलाई कों 67659 रुपए लगभग काटकर अन्य के खाते में ट्रांसफर कर दिया है। पीड़ित नें बताया है कि इस तरह की धांधली अक्सर सुनने में आती है। ऐसा मेरे ही साथ नहीं हुआ है। इसके शिकार कई खाताधारक हो चुके है। इस मामले में उच्चस्तरीय जांच हो और दोषियों कों सजा मिले। ताकि बैंक की छवि बनी रहे और वेतन भोगी परेशान न हो। पीड़ित शिक्षक के साथ बैंक द्वारा की गई धोखाधड़ी से विकास खंड नवाबगंज के शिक्षकों में रोष व्याप्त है।

# 88 लाख की लागत से बनेगा अधिवक्ता मीटिंग हॉल, भूमि पूजन की तैयारियां तेज

#### एमएलसी पदम सेन चौधरी ने बार परिसर में अधिवक्ताओं संग की बैठक

#### पूर्व अध्यक्ष गंगाधर मिश्र के प्रयासों से मिली परियोजना

अमन लेखनी समाचार

फखरपुर, कैसरगंज। बहराइच अधिवक्ताओं की लंबे समय से चली आ रही मीटिंग हॉल की मांग अब पूरी होने की ओर बढ़ रही है। 88 लाख रुपये की लागत से बनने वाले अधिवक्ता मीटिंग हॉल के भूमि पूजन की तैयारियों को लेकर बुधवार को एमएलसी पदम सेन चौधरी ने पुराने बार परिसर पहुंचकर अधिवक्ताओं के साथ बैठक की। बैठक में प्रस्तावित मीटिंग हॉल का भूमि पूजन पुराने बार परिसर में कराकर शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ कराने पर विस्तार से चर्चा हुई। एमएलसी ने अधिवक्ताओं के सुझाव सुने और निर्माण कार्य को समयबद्ध ढंग से शुरू कराने का भरोसा दिलाया। बैठक में बार एसोसिएशन अध्यक्ष विनोद कुमार बिसेन, पूर्व अध्यक्ष गंगाधर मिश्र, अधिवक्ता नारायण शर्मा, नसीब खान सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। अधिवक्ताओं ने मीटिंग हॉल को बार एसोसिएशन की महत्वपूर्ण आवश्यकता बताते हुए जल्द भूमि पूजन कर निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की। भूमि पूजन की तिथि शीघ्र घोषित किए जाने की भी संभावना व्यक्त की गई। बैठक के दौरान अधिवक्ताओं ने कहा कि 88 लाख रुपये की इस महत्वाकांक्षी योजना को स्वीकृति दिलाने में बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष गंगाधर मिश्र का विशेष प्रयास रहा हैं। इस उपलब्धि के लिए अधिवक्ताओं ने एमएलसी पदम सेन चौधरी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# पर्यावरण संरक्षण पर नगर पंचायत रूपईडीहा में गोष्ठी आयोजित

#### चेयरमैन डॉ0 उमाशंकर वैश्य ने एक पेड़ मां के नाम अभियान को एक पेड़ लगाकर सफल बनाने का किया आह्वान

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रूपईडीहा, बहराइच। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में चल रहे वन महोत्सव एवं ₹एक पेड़ मां के नाम₹ अभियान के अंतर्गत नगर पंचायत रूपईडीहा के सभागार में पर्यावरण संरक्षण विषयक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. उमाशंकर वैश्य ने की। गोष्ठी को संबोधित करते हुए डॉ. उमाशंकर वैश्य ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेशवासियों से ₹एक पेड़ मां के नाम₹ लगाने का जो आह्वान किया गया है, उसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना और अधिक से अधिक वृक्षारोपण को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी नियमित देखभाल और संरक्षण भी उतना ही आवश्यक है। जब तक पौधे वृक्ष का रूप नहीं ले लेते, तब तक उनकी जिम्मेदारी सभी को मिलकर निभानी चाहिए। तभी वृक्षारोपण अभियान का वास्तविक उद्देश्य सफल होगा और पर्यावरण को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा न केवल नए पेड़ लगाए बल्कि सैकड़ों वर्ष पुराने पेड़ को संरक्षित भी किया जाए जिससे उनका अस्तित्व बचा रहे। उन्होंने उपस्थित लोगों से अधिकाधिक पौधे लगाने तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। गोष्ठी में पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास और जनसहभागिता पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष अनिल कुमार उर्फ डब्बू भइया, बलराम मिश्रा, वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी, कस्बे के बुद्धिजीवी, पत्रकार तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय महासचिव ने शिक्षकों से किया संपर्क, एमएलसी चुनाव को लेकर बनाई रणनीति

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। वित्तविहीन शिक्षक महासभा के राष्ट्रीय महासचिव अजय सिंह ने बाबागंज स्थित हाजी मोहम्मद यूसुफ इंटर कॉलेज में शिक्षकों एवं संगठन के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आगामी शिक्षक एमएलसी चुनाव को लेकर विस्तृत चर्चा की। बैठक का उद्देश्य शिक्षकों को संगठित करना, उनकी समस्याओं पर विचार-विमर्श करना तथा चुनाव में संगठन की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना रहा ।बैठक को संबोधित करते हुए अजय सिंह ने कहा कि वित्तविहीन शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए संगठन निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने शिक्षकों से एकजुट होकर अपने अधिकारों की आवाज बुलंद करने तथा शिक्षक हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं और उनकी भागीदारी से ही संगठन और अधिक मजबूत होगा ।बैठक में शिक्षक एमएलसी चुनाव की रणनीति, संगठन




के विस्तार तथा बूथ स्तर तक संपर्क अभियान चलाने पर भी चर्चा की गई। इस दौरान दिनेश मिश्रा, सत्यव्रत सिंह, अजय सिंह 'अज्जू', शिवकुमार पाठक, शिवपूजन सिंह और रमेश विश्वकर्मा सहित कई पदाधिकारियों एवं शिक्षकों ने अपने विचार व्यक्त किए और संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

# जल जीवन मिशन का गड्ढा महीनों से खुला

## फत्तेपुर में लोगों को आवागमन में हो रही परेशानी

अमन लेखनी समाचार



अमेठी , तिलोई तहसील के फत्तेपुर ग्राम पंचायत में जल जीवन मिशन के तहत खोदा गया एक गड्ढा महीनों से खुला पड़ा है। पूरे त्रिवेदी में अतुल तिवारी के घर के सामने स्थित इस गड्ढे के कारण स्थानीय लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि जल निगम विभाग की उदासीनता के चलते ठेकेदारों द्वारा खोदे गए इस गड्ढे को अब तक नहीं भरा गया है। यह गड्ढा रास्ते के बीच में होने से दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों में अतुल तिवारी, धुन्नी यादव और विजय तिवारी ने संबंधित अधिकारियों से इस गड्ढे को जल्द से जल्द भरवाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि कई बार शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इस संबंध में जब अमेठी के जल निगम विभाग के जेई राजकुमार यादव से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि उन्हें मामले की जानकारी मिली है। उन्होंने आश्वासन दिया कि गड्ढे को जल्द ही पटवा दिया जाएगा।

# अपराध निरोधक समिति द्वारा साइबर अपराध जागरूकता बैठक संपन

अमन लेखनी समाचार



रुपईडीहा, बहराइच। उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति बहराइच नानपारा रुपईडीहा इकाई द्वारा साइबर अपराध जागरूकता बैठक संपन्न आपको बताते चलें उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति (UPANS) साइबर अपराध जागरूकता कार्यक्रम भव्य रूप से करवाया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साइबर क्राइम निरीक्षक इंस्पेक्टर रणजीत सिंह यादव रहे साइबर उप निरीक्षक बहराइच ने बताया साइबर सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी है सावधान रहें सुरक्षित रहें जागरूक रहे साइबर अपराधी नए-नए तरीके से अपनाकर आपकी मेहनत की कमाई और व्यक्तिनाव जानकारी चुराने की कोशिश करते हैं इसलिए जागरूक रहे सुरक्षित रहे हमें हमें क्या करना चाहिए मजबूत पासवर्ड बनाएं पासवर्ड किसी को सजा ना करें सिर्फ सुरक्षित वेबसाइट एप का प्रयोग करें अपने मोबाइल और ऐप को अपडेट रखें साइबर ठगी होने पर तुरंत रिपोर्ट करें लेनदेन जानकारी नियमित जांच करें संदिग्ध ईमेल लिंग पर अटैचमेंट ना खोलें महत्वपूर्ण डेटा का बैंक कब रखें सुरक्षित नागरिक सशस्त्र समाज इस अवसर पर केशव कुमार मौर्य जिला सचिव/जेल विजिटर जिला कारागार बहराइच, शेर सिंह कसौधन जिला उपाध्यक्ष, विनोद कुशवाहा जिला उप सचिव, मो० मोहसिन मलिक जिला संगठन मंत्री, रमेश मिश्रा तहसील संगठन मंत्री, राजीव अग्रवाल नगर सचिव, केसरी प्रसाद सोनी (गज्जू)नगर उपाध्यक्ष, ब्रिजनरेश श्रीवास्तव नगर संरक्षक तेजप्रसाद वर्मा नगर संगठन मंत्री, अतहर अहमद ( अज्जन) नगर उपाध्यक्ष, रणजीत सिंह यादव प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम बहराइच अनिल कुमार सिंह उपनिरीक्षक कोतवाली नानपारा, शिवम पांडेय क्राइम बहराइच, पुनीत सिंह इंस्पेक्टर रीना शुक्ला महिला आरक्षी, हरिशंकर शर्मा संरक्षक, गोपाल टेकरीवाल, केशव कुमार पांडेय, मनोज तिवारी, टिल्लू शर्मा, सुरेश शाह, उमेश चंद्र शाह, अशोक पाठक, मनोज तिवारी, पप्पू काजी, सादिक हुसैन, अकील खान, आरिफ खान, मोहम्मद सलमान, इकबाल अहमद, गुड्डू मारिया, अब्दुल तालिब, वसीम खान, सरफराज, आदि सैकड़ो की संख्या सम्मानित उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक टीम के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य गण उपस्थित रहे।

# भाकपा ने केंद्र-यूपी सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

## अयोध्या राम मंदिर गबन मामले में स्वतंत्र न्यायिक जांच की मांग

अमन लेखनी समाचार



सुल्तानपुर ,भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने दोपहर सुल्तानपुर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। इस दौरान पार्टी ने केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार के खिलाफ तीखी नाराजगी व्यक्त की। राष्ट्रपति को भेजे गए ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि अयोध्या राम मंदिर गबन मामले में एसआईटी की रिपोर्ट के आधार पर दर्ज की गई एफआईआर केवल 'टिप ऑफ द आइसबर्ग' है। भाकपा ने कहा कि चंपत राय और अनिल मिश्रा के इस्तीफे पर्याप्त नहीं हैं। पार्टी का आरोप है कि आरएसएस, भाजपा और विहिप के वरिष्ठ नेतृत्व को बचाने के लिए केवल कनिष्ठ पदाधिकारियों पर कार्रवाई कर मामले को दबाया जा रहा है। भाकपा ने यह भी दावा किया कि अयोध्या के जिलाधिकारी स्वयं ट्रस्ट के पदेन सदस्य हैं, जिससे उनके अधीन एसआईटी निष्पक्ष जांच नहीं कर सकती ।श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाए जा रहे सोने, चांदी और नकद दान की रसीद न दिए जाने का मुद्दा उठाते हुए, पार्टी ने इस पूरे मामले की जांच किसी स्वतंत्र न्यायिक निकाय से कराने की मांग की है। भाकपा ने सरकार के समक्ष कुल नौ बड़ी मांगें रखीं, जिनमें देश और प्रदेश के ज्वलंत मुद्दे शामिल हैं ।इनमें पेपर लीक और बेरोजगारी से परेशान युवाओं की स्थिति पर चिंता व्यक्त की गई। पार्टी ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे और पेपर लीक पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। शिक्षा और स्वास्थ्य के बढ़ते बाजारीकरण पर लगाम लगाने तथा निजी स्कूलों और अस्पतालों की फीस सरकार द्वारा निर्धारित करने की भी मांग की गई ।कच्चे तेल की कीमतें घटने के बावजूद डीजल, पेट्रोल और गैस के दाम ऊंचे होने पर तुरंत कमी करने की मांग की गई।

# मजदूरी के विवाद में घर मालिक की हत्या

## दो आरोपी गिरफ्तार; बांस का डंडा भी बरामद, दो फरार

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ ,अंतू थाना क्षेत्र में मजदूरी के भुगतान को लेकर हुए विवाद में घर मालिक राममिलन गुप्ता की हत्या के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त बांस का डंडा भी बरामद किया है। उधर, पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचने पर परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया। पुलिस के अनुसार, राममिलन गुप्ता के निमार्णाधीन मकान पर काम कर रहे राजगीर और मजदूरों के साथ मजदूरी के भुगतान को लेकर विवाद चल रहा था। आरोप है कि शनिवार रात रामराज हरिजन, राजू मुसहर, मोनू और सूरज बनवासी मजदूरी मांगने राममिलन के घर पहुंचे। इसी दौरान विवाद बढ़ गया और मारपीट शुरू हो गई। हमले में गंभीर रूप से घायल राममिलन को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया ।घटना के बाद मृतक के बेटे की तहरीर पर अंतू थाने में चार नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी ।चेकिंग के दौरान दो आरोपी दबोचे गए पुलिस ने सोमवार को चेकिंग अभियान के दौरान ककरहा चौराहे के पास से 25 वर्षीय मोनू और 26 वर्षीय सूरज बनवासी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में दोनों ने बताया कि वे कई दिनों से अपनी मजदूरी का भुगतान मांग रहे थे।

# आम बीनने को लेकर भिड़े दो पक्ष, वीडियो

## कई लोग घायल, 6 लोगों पर केस, महिला को पीटकर मोबाइल तोड़ा

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ, लीलापुर थाना क्षेत्र स्थित सराय मकई गांव में आम बीनने को लेकर दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई। इस विवाद में दोनों पक्षों के आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए, जिनका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने दोनों पक्षों के छह लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। एक पक्ष की महिला तरन्नुम बानो ने आरोप लगाया है कि वह आम बीनने के लिए बाग में गई थीं। इसी दौरान अयाज, गुफरान सहित कुछ अन्य लोगों और महिलाओं ने उनके साथ मारपीट की। तरन्नुम बानो के अनुसार, हमलावरों ने उन्हें पीटा और उनका मोबाइल फोन भी तोड़ दिया। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि घायल अवस्था में जब वह लीलापुर थाने पहुंचीं, तो उन्हें दो घंटे से अधिक समय तक थाने में बैठाए रखा गया। उनकी शिकायत दर्ज करने के बजाय, उन्हें डांटकर वापस भेज दिया गया। तरन्नुम बानो का कहना है कि इस मारपीट में उन्हें गंभीर चोटें आई हैं। इस घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आया है, जो आज सोशल मिडिया पर वायरल हो रहा है। यह मारपीट का वीडियो कल का बताया जा रहा है, जिसमें कथित तौर पर एक महिला के साथ कई लोग मारपीट करते, उसे जमीन पर गिराकर लाठी-डंडों से हमला करते दिखाई दे रहे हैं। लीलापुर थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में स्वयं वादी बनकर दोनों पक्षों के छह लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## संक्षेप

### बीए छात्र पर लाठी-डंडों से हमला

**कार सवार छह युवकों पर केस, गिरफ्तारी की मांग**

बागपत ,बागपत शहर कोतवाली क्षेत्र में एक बीए छात्र पर हमला किया गया है। आरोप है कि कार सवार 6 युवकों ने छात्र को लाठी-डंडों से पीटा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल छात्र को बागपत सीएचसी में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार चल रहा है।यह घटना सोमवार दोपहर की है। बाघु गांव निवासी पुनीत ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है।उन्होंने बताया कि उनका पुत्र क्रिश घर से खाना लेकर बागपत जा रहा था।रास्ते में ही उनके साले का लड़का वाशु अपने पांच साथियों के साथ एक स्विफ्ट कार में आया। आरोप है कि वाशु और उसके साथियों ने क्रिश को रोका और लाठी-डंडों सउस पर हमला कर दिया। इस हमले में क्रिश गंभीर रूप से घायल हो गया।लोगों को आता देख हमलावर मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायल छात्र क्रिश को बागपत सीएचसी पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। डॉक्टरों के अनुसार, क्रिश की हालत अब सामान्य है। पीड़ित पुनीत ने पुलिस से आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की गुहार लगाई है।इस संबंध में कोतवाली प्रभारी बृजेश कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### किसान की जमीन पर कब्जा

**संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत, भाकियू ने आंदोलन की चेतावनी दी**

बागपत ,संतोषपुर गांव निवासी किसान कर्मवीर ने सोमवार को तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों से शिकायत की है।उन्होंने अपनी भूमि पर भू-माफिया द्वारा दोबारा कब्जा किए जाने की समस्या के समाधान की मांग की।इस दौरान भारतीय किसान यूनियन के एनसीआर महासचिव प्रदीप धामा भी किसान के साथ मौजूद रहे और अधिकारियों को चेतावनी दी कि यदि समस्या का समाधान नहीं होता है तो धरना प्रदर्शन किया जाएगा।किसान कर्मवीर ने बताया कि उनकी भूमि पर गांव में पहले भी कब्जा किया गया था। अधिकारियों से शिकायत के बाद 14 जनवरी 2026 को टीम ने मौके पर पहुंचकर जमीन को कब्जा मुक्त कराया था।हालांकि, अब भू-माफिया फिर से उनकी जमीन पर कब्जा कर रहे हैं। पीड़ित किसान का आरोप है कि विपक्षीगण उनकी बोई हुई फसल को काटने नहीं दे रहे हैं और खुद फसल काट रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों से तत्काल इस जमीन पर हो रहे कब्जे को रोकने के लिए कार्रवाई की मांग की। संपूर्ण समाधान दिवस में मौजूद सीडीओ अनिल कुमार ने किसान को कार्रवाई का आश्वासन दिया है। भाकियू नेता प्रदीप धामा ने बताया कि किसान कर्मवीर 20 वर्ष पहले भी इसी उत्पीड़न से परेशान होकर पलायन कर चुके हैं और एक कमरे के मकान में रहने को मजबूर हैं। किसान ने कहा कि बार-बार अधिकारियों से शिकायत के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो रहा है और भू-माफिया लगातार उन्हें परेशान कर रहे हैं। किसान नेता ने चेतावनी दी कि यदि दो दिन में इस समस्या का समाधान नहीं होता है तो किसान दिवस में यही मुद्दा उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब तक किसान को न्याय नहीं मिलता, तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।

# सूबे के मुख्यमंत्री ने शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का किया शुभारंभ

**तहसील स्तर पर आयोजित हुआ कार्यक्रम शिक्षकों को मिले कैशलेस चिकित्सा कार्ड**

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल वाराणसी जनपद से शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ किया वहीं प्रदेश के सभी जनपदों में भी कार्यक्रम आयोजित कर शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा योजना के कार्ड प्रदान किए, गए जनपद के सरदार वल्लभभाई पटेल प्रेक्षा ग्रह अंतर्गत मौजूद जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स राज्य मंत्री कृष्णा पासवान मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीणा आदि ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के प्रतीकात्मक कार्ड मौजूदा शिक्षकों को प्रदान किया ठीक इसी प्रकार जनपद के बिंदकी तहसील कस्बे अंतर्गत श्री सोहनलाल द्विवेदी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम अंतर्गत मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक राजेंद्र सिंह पटेल ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया वही पहुंचे आमंत्रित शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा योजना के कार्ड प्रदान किए गए जनपद के अमौली विकासखंड शिक्षा क्षेत्र के पहुंचे कंपोजिट विद्यालय रूसिया के प्रधानाध्यापक कमल किशोर चटिहा की प्रधानाध्यापिका प्रियंका अवस्थी प्राथमिक विद्यालय तारापुर की प्रधानाध्यापिका मनीषा शुक्ला तथा बरमपुर की प्रधानाध्यापिका सीमा देवी आदि को क्षेत्रीय विधायक ने मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के प्रतीकात्मक कार्ड प्रदान करते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी इसी प्रकार जनपद के खागा तहसील अंतर्गत रानी चंद्रप्रभा महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम अंतर्गत मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह उर्फ पप्पू भैया ने उपस्थित शिक्षकों को कैशलेस कार्ड प्रदान करते हुए सभी को उत्तम स्वास्थ्य की शुभकामनाएं दी मौजूदा मुख्य अतिथियों ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा चलाई जा रही मुहिम के तहत अब सभी शिक्षकों समेत शिक्षामित्र अनुदेशक रसोइयों समेत अन्य कर्मचारियों को 5 लाख रुपए तक की स्वास्थ्य सुविधा कैशलेस चिकित्सा के रूप में प्रदान की जाएगी इस सुविधा के अनुसार शिक्षा विभाग से जुड़े सभी अधिकारी शिक्षक कर्मचारी गणों को गंभीर बीमारियों से लड़ने की क्षमता प्रदान होगी जहां महंगे उपचार के लिए, आर्थिक कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़ेगा प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के वाराणसी जनपद से इस योजना का शुभारंभ किया मौजूदा शिक्षकों को प्रतीकात्मक कार्ड प्रदान किए गए वही सभी शिक्षकों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत वर्तमान सरकार का आभार व्यक्त किया

# प्रशासन के हाफ काउंटर से ढेर हुआ बदमाश धर्मेंद्र गिहार

**पुलिस मुठभेड़ में हुआ घायल दूसरा साथी फरार खोजबीन जारी**

अमन लेखनी समाचार



अमौली, फतेहपुर। जनपद के चांदपुर थाना प्रशासन ने काफी दिनों से वांछित चल रहे बदमाश को मुठभेड़ के दौरान हाफ काउंटर करते हुए गिरफ्तार किया थाना प्रभारी समेत पूरी टीम में आरोपियों को चांदपुर गांव के समीप ऐतिहासिक मंदिर गूढेश्वर अखंड धाम के समीप घेर लिया जहां चारों तरफ से घिरे दो बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग प्रारंभ कर दी पुलिस बल ने भी बराबर मुंह तोड़ जवाब दिया जहां मुठभेड़ में 35 वर्षीय धर्मेंद्र पुत्र विशालू निवासी नोनारा डेरा थाना जहानाबाद के पैर में गोली लगी और धर्मेंद्र धराशाई हो गया वही मुठभेड़ करते हुए दूसरा साथी गोलू पुत्र विनोद निवासी कंचनपुर डेरा थाना कोतवाली बिंदकी मौके से चकमा देकर फरार हो गया गिरफ्तार किए गए अभियुक्त धर्मेंद्र के पास एक अवैध 315 वोर तमंचा एक अदद जिंदा कारतूस एक अदद खोखा कारतूस चोरी किए गए 3400 रुपए नगद तथा एक मोटरसाइकिल बरामद हुई थाना प्रभारी ने बताया बरामद हुई धनराशि समेत मोटरसाइकिल भी चोरी की है जिसका मुकदमा जनपद के चांदपुर तथा कल्याणपुर थाने में दर्ज है आरोपी धर्मेंद्र के खिलाफ लगभग 10 से अधिक मुकदमे जबकि फरार अभियुक्त गोलू के खिलाफ लगभग एक दर्जन से अधिक मुकदमे अलग-अलग थानों पर पंजीकृत है थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए अभियुक्त को जेल भेज दिया गया वही फरार अभियुक्त के लिए टीम बनाकर खोजबीन की जा रही है जल्द ही बदमाश गोलू भी प्रशासन के कब्जे में होगा

# नहर में डूबे युवक की हुई मौत मामला संदिग्ध

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद के किशुनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव अकबरपुर बड़वा निवासी 25 वर्षीय युवक राजकुमार पुत्र छोटेलाल की नहर में डूबने से मौत हो गई मिली जानकारी के अनुसार युवक कल बुधवार को दोपहर समय घर से खेत की तरफ गया था परिजनों ने बताया वह सौंच क्रिया के लिए जंगल गया था जहां काफी समय होने के पश्चात युवक वापस नहीं लौटा



जिसे देखते हुए परिजनों ने खोजबीन प्रारंभ की वहीं कुछ समय पश्चात गांव के कुछ लोगों ने परिजनों को सूचना दी कि युवक राजकुमार नहर में डूब गया जैसे ही यह सूचना परिजनों को मिली तो परिजनों में हाहाकार मच गया आनन-फानन घर के सदस्य तथा गांव के लोग नहर के समीप मौके पर पहुंचे कड़ी मशक्कत के बाद युवक राजकुमार को नहर के बाहर निकाल परंतु जब तक बाहर निकालते युवक की सांसे थम चुकी थी इस घटना से परिवार में गहरा शोक व्याप्त हो गया घटना की सूचना स्थानीय पुलिस प्रशासन को दी गई जहां सूचना पाकर पहुंचे थाना प्रभारी योगेश कुमार ने जांच करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा वही जानकारी लेने पर थाना प्रभारी ने बताया कि मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के पश्चात ही पूर्ण रूप से स्पष्ट हो पाएगा क्योंकि कुछ ग्रामीणों के अनुसार मामला संदिग्ध लग रहा है

# एमडीए में भ्रष्टाचार के आरोपों पर हिंदू संगठन का धरना

**उपाध्यक्ष से वार्ता के बाद मिला आश्वासन, कार्रवाई न होने पर अनशन की चेतावनी**

अमन लेखनी समाचार




मेरठ ,विकास प्राधिकरण (एमडीए) में कथित विभागीय भ्रष्टाचार के विरोध में हिंदू स्वाभिमान परिषद एवं गुरु गोरखनाथ गौ सेवा समिति ने एमडीए कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया। संगठन के पदाधिकारी और कार्यकताओं ने विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कार्रवाई की मांग की। बाद में एमडीए उपाध्यक्ष ने प्रतिनिधिमंडल को वार्ता के लिए बुलाया और संगठन के अनुसार एक घंटे के भीतर कार्रवाई का आश्वासन दिया। हिंदू स्वाभिमान परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित भारद्वाज ने कहा कि संगठन एक घंटे बाद नहीं, बल्कि एक दिन बाद वापस आएगा और देखेगा कि अधिकारियों ने आश्वासन के अनुरूप कार्रवाई की या नहीं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि तय समय के भीतर दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो इस बार केवल धरना नहीं, बल्कि मेरठ विकास प्राधिकरण कार्यालय में ही अनिश्चितकालीन अनशन शुरू किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। अमित भारद्वाज ने आरोप लगाया कि अभियंता विजेंद्र सिंह, नरेंद्र मारकंडे और जितेंद्र सिंह अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रष्टाचार कर रहे हैं और इससे प्रदेश सरकार की छवि धूमिल हो रही है। उन्होंने कहा कि संगठन किसी भी कीमत पर भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं करेगा और जब तक दोषी अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई नहीं होती, आंदोलन जारी रहेगा।उन्होंने कहा कि जिस प्रकार मेरठ विकास प्राधिकरण में लगातार भ्रष्टाचार की शिकायतें सामने आ रही हैं, उससे सरकार और जनता के बीच अविश्वास की स्थिति पैदा हो रही है। उनका आरोप है कि भ्रष्ट अधिकारी अपने निजी स्वार्थों के लिए सरकार की छवि खराब कर रहे हैं और लगातार भ्रष्टाचार करके प्रदेश के विकास कार्यों को प्रभावित कर रहे हैं।धरना-प्रदर्शन के बाद संगठन ने एमडीए अधिकारियों को ज्ञापन भी सौंपा। इस दौरान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मूलचंद शर्मा, राष्ट्रीय प्रभारी सुशील वर्मा, राष्ट्रीय प्रचारक मोहित हिंदूवादी, प्रदेश प्रचारक विशाल शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष अमित तोमर, देवेंद्र शर्मा, अमित चौधरी, मृदुल शास्त्री, जिला अध्यक्ष धमाचार्य प्रकोष्ठ विजेंद्र सोम, जिला अध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ नीरज शर्मा, बलराम यादव सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# जनपद के युवक की दूसरे प्रांत में जहरीले कीड़े के काटने से हुई मौत




**पार्थिव शरीर पहुंच पैतृक गांव क्षेत्रीय विधायक ने व्यक्त किया गया गहरा शोक**

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद के बिंदकी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव नंदापुर निवासी 30 वर्षीय युवक अजय कुशवाहा पुत्र चिनका कुशवाहा की दूसरे प्रांत मध्य प्रदेश में जहरीले कीड़े सांप के काटने से मौत हो गई यह जानकारी जैसे ही परिजनों को मिली तो घर में कोहराम मच गया मिली जानकारी के अनुसार युवक मध्य प्रदेश के कटनी शहर के समीप एक गांव में निर्मित हो रही पानी टंकी के निर्माण कार्य हेतु मजदूरी के लिए गया था जहां युवक को एक जहरीले सांप ने अपना शिकार बना लिया तथा युवक की मौत हो गई मृतक का पार्थिव शरीर पोस्टमार्टम के पश्चात फतेहपुर जनपद के पैतृक गांव नंदापुर देर रात्रि पहुंचा जहां परिजनों में कोहराम मच गया जानकारी मिलने पर जहानाबाद विधानसभा के विधायक राजेंद्र सिंह पटेल देवरी बुजुर्ग ग्राम प्रधान त्रिपुरेश त्रिवेदी समेत भारी संख्या में समाजसेवी जनप्रतिनिधि युवक के निज निवास पहुंचे वही सभी लोगों ने इस आकस्मिक घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया वहीं कुछ लोगों की दबी कुचली जुबान से युवक की मौत संदिग्ध बताई गई परंतु इसका कारण स्पष्ट नहीं हो सका

# दोस्त के साथ मिलकर साले पर की फायरिंग

**आरोपी समेत जेल में तैनात सिपाही अरेस्ट, पत्नी से चल रहा झगड़ा**

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद ,लोनी में दोपहर करीब 3 बजे युवक पर फायरिंग करने के मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उनके कब्जे से घटना में इस्तेमाल की गई एक अवैध 32 बोर पिस्टल और एक जिंदा कारतूस भी बरामद किया है। दरअसल 4 जुलाई को एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी कि दो बुलेट सवार युवकों ने उसके घर के बाहर आकर उसके बेटे तुषार पर फायरिंग की। घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज, घटनास्थल से जुटाए गए साक्ष्यों और अन्य सुरागों के आधार पर विवेक और नवनीत उर्फ मीनू की पहचान हुई।इसके बाद पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर दोनों आरोपियों को लोनी क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में बलराज नगर निवासी विवेक जो मेरठ की जेल में सिपाही है और मेरठ के जानी थाना क्षेत्र के टिमकिया गांव निवासी 37 साल नवनीत उर्फ मीनू शामिल हैं।साले ने बदतमीजी की थीपूछताछ में विवेक ने बताया कि उसकी पत्नी से पारिवारिक विवाद चल रहा था। इसी दौरान उसके साले तुषार के साथ भी उसका झगड़ा हो गया था। विवेक का आरोप है कि तुषार ने उसके साथ अभद्र व्यवहार किया था, जिससे वह नाराज था।इसी रंजिश में उसने अपने दोस्त नवनीत के साथ मिलकर तुषार की हत्या की योजना बनाई और 3 जुलाई की रात ससुराल पहुंचकर उस पर फायरिंग कर दी।



जेल जा चुका है आरोपी पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि घटना में इस्तेमाली गई पिस्टल नवनीत लेकर आया था। पूछताछ में नवनीत ने बताया कि वर्ष 2021 में वह हत्या के एक मामले में जेल गया था। जेल में उसकी मुलाकात नवेद नाम के आरोपी से हुई थी, जिससे उसने बाद में अवैध पिस्टल खरीदी थी। सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट की धाराओं में कार्रवाई की है। दोनों को न्यायालय में पेश कर आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। पुलिस अब अवैध हथियार उपलब्ध कराने वाले व्यक्ति की भूमिका की भी जांच कर रही है।

# नैनीताल के रिसॉर्ट में सेक्स रैकट चलता मिला

**मेरठ के केमिकल कारोबारी ने बुलाई थी पार्टी, नेपाल-बंगाल से आईं थीं लड़कियां**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , नैनीताल के रामनगर में रात सांवल्दे क्षेत्र में पुलिस ने एक्रोन हाईडवे रिसॉर्ट में बड़ा सेक्स रैकेट पकड़ा है। यहां पुलिस ने एक रिसॉर्ट में कथित अनैतिक देह व्यापार, शराब और नशे की पार्टी पर बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने मौके से 51 लोगों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक किशोर को संरक्षण में लिया गया है। मौके से 10 महिलाएं मिली हैं, जिनमें एक नाबालिग भी शामिल है। पुलिस ने रिसॉर्ट को सील कर दिया है, जबकि इसका जनरल मैनेजर फरार है। इस पार्टी के लिए वढ-नेपाल-बंगाल की लड़कियां बुलाई गई थीं। रात करीब 8 बजे एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने मीडिया को जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, रिसॉर्ट को 4 से 5 जुलाई तक करीब 2.20 लाख रुपए में बुक किया गया था। पार्टी में यूपी, दिल्ली समेत बाहरी राज्यों से लोग पहुंचे थे। मुखबिर की सूचना पर हुई कार्रवाई- एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी के निर्देश पर एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट, एसओजी और रामनगर पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई की। पुलिस को सूचना मिली थी कि रिसॉर्ट में महिलाओं को बुलाकर पार्टी कराई जा रही है और अनैतिक गतिविधियां चल रही हैं। पुलिस टीम ने देर रात रिसॉर्ट में छापा मारा। वहां 51 पुरुष और एक किशोर महिलाओं के साथ आपत्तिजनक हालत में मिले। पुलिस के मुताबिक, पार्टी में शराब, नशा, अश्लील डांस और महिलाओं पर नोट उड़ाने जैसी गतिविधियां हो रही थीं। मेरठ के कारोबारी ने कराई पार्टी- पूछताछ में मुख्य आयोजक उमेन्द्र कुमार, निवासी मेरठ, ने बताया कि वह कीटनाशक निर्माण कंपनी चलाता है। उसने कंपनी से जुड़े लोगों के मनोरंजन के लिए पार्टी आयोजित की थी। पुलिस के अनुसार, उमेन्द्र ने करीब 10 दिन पहले रिसॉर्ट के जनरल मैनेजर लखेन्द्र चौधरी से संपर्क किया था। उसने शराब, महिलाओं और ह्लएक्स्ट्रा सर्विसह्व की व्यवस्था करने को कहा था। आरोपी सुनील कुमार के जरिए राहुल गुप्ता उर्फ सन्नी ने प्रति महिला 10 हजार रुपए के हिसाब से व्यवस्था कराई। रजिस्टर में नहीं की गई एंट्री- जांच में सामने आया कि रिसॉर्ट के जनरल मैनेजर ने स्टाफ को निर्देश दिए थे कि पार्टी में आने वाले लोगों और महिलाओं की एंट्री विजिटर रजिस्टर में न की जाए। पुलिस इसे साक्ष्य छिपाने की कोशिश मान रही है। फरार जनरल मैनेजर लखेन्द्र चौधरी की तलाश की जा रही है। पुलिस ने रिसॉर्ट में कथित अनैतिक गतिविधियां और साक्ष्य छिपाने के प्रयास मिलने पर उसे सील कर दिया है। शराब, नकली नोट और आपत्तिजनक सामग्री बरामद- पुलिस ने रिसॉर्ट से शराब की 3 पेटियां, बीयर की एक पेटी, 10 रुपए के नकली नोटों की 24 गड्डियां, महिलाओं पर उड़ाए गए। नोटों का पुलिंदा, आपत्तिजनक सामग्री, लैपटॉप और मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

# 20 लाख का हाथी दांत बरामद

**पुलिस-वन विभाग ने 2 तस्करों को दबोचा, सप्लाई नेटवर्क की जांच शुरू**

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर ,ग्रेटर नोएडा में हाथी दांत की तस्करी करने वाले दो आरोपियों को शाम पांच बजे गिरफ्तार किया गया। उनके कब्जे से 1.45 किलोग्राम (1450 ग्राम) हाथी दांत बरामद हुआ है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 20 लाख रुपए बताई जा रही है। दोनों आरोपियों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। बिसरख थाना प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि मिली सूचना के आधार पर पुलिस और वन विभाग की टीम ने गौर सिटी-2 स्थित न्यू हैबतपुर कब्रिस्तान के पास एक खाली प्लॉट में घेराबंदी की। इसी दौरान दो संदिग्ध वहां पहुंचे, जिन्हें रोकने का प्रयास किया गया।पुलिस को देखकर दोनों आरोपियों ने भागने की कोशिश की, लेकिन संयुक्त टीम ने घेराबंदी कर उन्हें मौके पर ही पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से 1.45 किलो हाथी दांत बरामद हुआ। बुलंदशहर और गाजियाबाद के रहने वाले हैं आरोपी पूछताछ में आरोपियों की पहचान राजेंद्र, निवासी ग्राम रिवाड़ा, थाना जहांगीराबाद (बुलंदशहर) और संदीप, निवासी खोडा कॉलोनी (गाजियाबाद) के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार, दोनों वर्तमान में बस्ती जिले के ग्राम मुडियार, रुधौली क्षेत्र में रह रहे थे।

# ग्रेटर नोएडा में महिला से 15 लाख लूटे

**घर की दूसरी मंजिल पर चाकू दिखाकर बंधक बनाया, ज्वेलरी-कैश ले गया**

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर ,ग्रेटर नोएडा की पैरामाउंट गोल फॉरेस्ट सोसायटी में महिला से लूट हो गई। यहां एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर के विला में घुसकर अज्ञात बदमाश ने महिला को चाकू दिखाकर करीब 15 लाख रुपए की ज्वेलरी और नगदी ले गया। विला नंबर 126 में रहने वाली अपर्णा राय ने पुलिस को बताया कि सुबह करीब 3:30 बजे एक व्यक्ति चाकू लेकर उनके कमरे में घुस आया। बदमाश ने उनके साथ मारपीट की और उनके बच्चों को भी चाकू दिखाकर डराने की कोशिश की। बदमाश ने घर से सोने-चांदी के जेवरात, नगदी और अन्य सामान लूट लिया। उसने उनके गले से चेन और हाथों से अंगूठियां भी छीन लीं। कुल मिलाकर करीब 15 लाख रुपए का सामान लूटा गया। बदमाश ने धमकी दी कि अगर किसी को बताया तो उसके पास पिस्तौल भी है। घटना के बाद सुबह होते ही पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। घटना के समय विला में अपर्णा राय, उनके दो बच्चे और नीचे के फ्लोर पर सास-ससुर मौजूद थे। अपर्णा के पति नितिन राय ऑफिस के काम से बेंगलुरु में हैं।विला नंबर 126 पेंट हाउस में घटना के बाद बिखरा पड़ा सामान।विला नंबर 126 पेंट हाउस में घटना के बाद बिखरा पड़ा सामान।पुलिस कर रही जांच पुलिस ने शिकायत दर्ज कर ली है और सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह लूट का मामला संदिग्ध लग रहा है।

# मैरिज होम में 6 दबंगों ने युवक को घेरकर पीटा

**जरा सी कहासुनी के बाद हुई मारपीट, जमीन पर गिराकर घसीटा**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा , जेवर कस्बे स्थित एक मैरिज होम में युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। सुबह 9 घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया। इसमें 6 युवक एक व्यक्ति के साथ मारपीट करते दिखाई दे रहे हैं। पुलिस का कहना है कि अभी तक इस मामले में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रहा है कि युवक एक व्यक्ति को घेर लेते हैं और उसके साथ लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर देते हैं। युवक के जमीन पर गिरने के बाद भी हमलावर उसे पीटते रहते हैं।इस दौरान मौके पर मौजूद कुछ लोग बीच-बचाव का प्रयास करते भी नजर आते हैं। जानकारी के अनुसार, घटना जेवर के एक मैरिज होम में हुई, जहां किसी बात को लेकर विवाद शुरू हुआ और देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। पुलिस का कहना है कि शिकायत मिलने पर सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मामले की जानकारी जुटाई जा रही है।

# मुख्य बस अड्डे से बसों का संचालन बहाल करने की मांग

**मुख्यमंत्री व परिवहन विभाग को सौंपा ज्ञापन**

**शहर में अवैध ऑटो व ई-रिक्शा संचालन पर कार्रवाई की उठाई मांग**

**समाधान न होने पर परमिट सरेंडर की चेतावनी**

**अमन लेखनी समाचार**

हरदोई। शहर से संचालित रूट परमिट बसों के संचालन में आ रही समस्याओं को लेकर हरदोई प्राइवेट बस ऑपरेटर एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश एवं सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/परिवर्तन) हरदोई को अलग-अलग ज्ञापन सौंपकर मुख्य बस अड्डे से पूर्व की भांति बसों का संचालन बहाल कराने, अवैध रूप से सवारियां ढो रहे ऑटो व ई-रिक्शा पर प्रभावी कार्रवाई करने तथा बसों के सुचारु संचालन के लिए ठोस व्यवस्था किए जाने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि हरदोई-लखीमपुर (पिहानी मार्ग) सहित विभिन्न रूटों पर निजी बसों का संचालन पिछले 25 से 30 वर्षों से मुख्य बस अड्डे से होता रहा है। लेकिन प्रशासन द्वारा बस अड्डे को शहर से बाहर स्थानांतरित किए जाने के बाद यात्रियों की संख्या में भारी गिरावट आई है। इससे बस स्वामियों, चालकों, परिचालकों और बस मरम्मत से जुड़े लोगों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। बस संचालकों का आरोप है कि शहर के भीतर ई-रिक्शा, सीएनजी ऑटो और अन्य छोटे वाहन बिना निर्धारित व्यवस्था के विभिन्न रूटों पर खुलेआम सवारियां भरकर गंतव्य तक पहुंचा रहे हैं। इससे यात्रियों का बस अड्डे तक पहुंचना कम हो गया है और बसों का संचालन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। उनका कहना है कि प्रशासनिक बैठकों में ऐसे वाहनों पर नियंत्रण का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि लगातार घटती आय के कारण बस स्वामियों के लिए टैक्स, बीमा, बैंक की किस्त और अन्य खर्चों का वहन करना मुश्किल हो गया है। यदि जल्द ही कोई ठोस समाधान नहीं निकाला गया तो सभी बस स्वामी सामूहिक रूप से अपने वाहनों के परमिट सरेंडर करने के लिए विवश होंगे। बस स्वामियों ने मुख्यमंत्री एवं परिवहन विभाग से मांग की है कि जनहित और परिवहन व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए मुख्य बस अड्डे से पूर्व की भांति बसों का संचालन पुनः शुरू कराया जाए, शहर में अवैध रूप से संचालित छोटे वाहनों पर प्रभावी रोक लगाई जाए तथा बस संचालकों की समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए। इस अवसर पर हरदोई प्राइवेट बस ऑपरेटर एसोसिएशन के अध्यक्ष समीर अग्रवाल, उपाध्यक्ष ऋषभ अग्रवाल, अनिल बाजपेई, शरीफ अंसारी, कृष्ण स्वरूप शुक्ला, महामंत्री पुष्पेंद्र बहादुर सिंह, सचिव सतीश सिंह त्रिपाठी, रामजी सहित दर्जनों बस एवं मोटर ऑपरेटर उपस्थित रहे।

# चोपन पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट में वांछित 20,000 के पुरस्कार घोषित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार



**अमन लेखनी समाचार**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक, अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद में वांछित एवं पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर कुमार मिश्रा के पर्यवेक्षण में थाना चोपन पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। आज दिनांक 07.07.2026 को समय करीब 09:10 बजे थाना चोपन पुलिस टीम द्वारा बस स्टैंड, चोपन से राजबीर सिंह पुत्र महिपाल सिंह, उम्र लगभग 40 वर्ष, निवासी सादात नगर, थाना नैटोर, जनपद बिजनौर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त मु0अ0सं0 1039/2025, धारा 3(1) गैंगस्टर एक्ट, थाना राबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र में वांछित चल रहा था। अभियुक्त एक शातिर किस्म का अपराधी है, जो लंबे समय से फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा 20,000 का पुरस्कार घोषित किया गया था।

# भाजपा कप्तानगंज मण्डल की जुलाई माह की मासिक बैठक सम्पन्न

**अमन लेखनी समाचार**



बस्ती/ भारतीय जनता पार्टी कप्तानगंज मण्डल की जुलाई माह की मासिक बैठक मण्डल अध्यक्ष गौरव मणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक के मुख्य अतिथि अखण्ड प्रताप सिंह रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि अखण्ड प्रताप सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन है, जिसकी सबसे बड़ी शक्ति उसके समर्पित एवं अनुशासित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीति-नीति के अनुरूप कार्य करते हुए केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने का कार्य करे। उन्होंने आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को पूरी निष्ठा, अनुशासन एवं सक्रियता के साथ सफल बनाने का आह्वान किया। बैठक में बूथ स्तर पर माह के अंतिम रविवार को मन की बात के कार्यक्रम बहुत स्तर पर सक्रिय रूप से संपन्न व शक्ति केंद्रों की सक्रियता, आगामी कार्यक्रमों की तैयारी, जनसंपर्क अभियान तथा संगठन द्वारा निर्धारित दायित्वों की समीक्षा सहित विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। मण्डल अध्यक्ष गौरव मणि त्रिपाठी ने कहा कि बूथ की मजबूती ही भारतीय जनता पार्टी की विजय का आधार है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं से नियमित रूप से बूथों पर प्रवास करने, जनसमस्याओं को सुनने तथा संगठन और सरकार के बीच मजबूत सेतु की भूमिका निभाने का आह्वान किया। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा आगामी कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने का संकल्प लिया। अंत में मण्डल अध्यक्ष ने मुख्य अतिथि सहित सभी उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं का आभार व्यक्त किया। बैठक में मनोज कुमार ओझा, नयन कुमार निषाद, रामवृक्ष निषाद, विनोद चौधरी, शुभम शर्मा, नितेश सिंह, सुनीता गौतम, रामशंकर यादव, हरेंद्र देव तिवारी, प्रवीण तिवारी, विशाल, पूर्व मण्डल अध्यक्ष मोहनलाल मोदीनवाल, अनुसूचित जाति-जनजाति मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सुखराम गोंड, साहबदीन निषाद, शिव बहादुर मौर्य, अमन श्रीवास्तव सहित मण्डल पदाधिकारी, मोर्चों के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खास समाचार

# दसवीं की छात्रा ने फंदे से जान दी, परिजन कारण से अनजान

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। कोतवाली देहात क्षेत्र के मिरगावां गांव में मंगलवार शाम एक 17 वर्षीय छात्रा ने फंदे से लटककर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल आत्मघाती कदम उठाने के कारणों का पता नहीं चल सका है। मिरगावां निवासी धर्मेंद्र की पुत्री मानसी परिवार में पांच भाई-बहनों में सबसे छोटी थी और पूरा बहादुर स्थित एक निजी विद्यालय में कक्षा 10 की छात्रा थी। परिजनों के अनुसार मंगलवार करीब तीन बजे वह पास में स्थित खाली मकान में गई और अंदर से दरवाजा बंद कर गमछे के सहारे फंदा लगा लिया। काफी देर तक कोई आहट न मिलने पर पिता वहां पहुंचे। आवाज देने पर जवाब नहीं मिला तो दरवाजा तोड़कर अंदर देखा, जहां मानसी फंदे से लटकी मिली। परिजन उसे नीचे उतार लाए और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# बिजली का तार टूटकर गिरा, बुजुर्ग महिला की करंट लगने से मौत

हरदोई। कछौना कोतवाली क्षेत्र के छनोइया गांव में बुधवार सुबह बिजली की एलटी लाइन का तार टूटकर एक बुजुर्ग महिला पर गिर गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पुत्र पन्नेलाल ने बताया कि उनकी 66 वर्षीय मां भगौता घर के बाहर चबूतरे पर झाड़ू लगाकर सफाई कर रही थीं। इसी दौरान ऊपर से गुजर रही एलटी लाइन का तार अचानक टूटकर उनके ऊपर आ गिरा। ग्रामीणों ने लाठी-डंडों की मदद से तार हटाया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया। मृतका के दो पुत्रों में एक की पहले ही मृत्यु हो चुकी है, जबकि उनकी दो पुत्रियां हैं।

# जिंदपीर चौराहे पर मिले युवक के शव की तीसरे दिन हुई पहचान

हरदोई। शहर के जिंदपीर चौराहे के पास तीन दिन पहले मिले अज्ञात युवक के शव की आखिरकार पहचान हो गई। पहचान होने के बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। सोमवार शाम शहर कोतवाली क्षेत्र के जिंदपीर चौराहे के निकट एक इलेक्ट्रॉनिक दुकान के सामने युवक का शव पड़ा मिला था। सूचना पर पहुंची रेलवेगंज पुलिस ने उसकी पहचान कराने का प्रयास किया। तलाशी में युवक के पास से 250 रुपये मिले, लेकिन कोई पहचान संबंधी दस्तावेज नहीं मिला। इसके बाद शव को मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया गया। बुधवार को मल्लावां कोतवाली क्षेत्र के नरायनमऊ निवासी राजपाल ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर शव की पहचान अपने बड़े भाई 32 वर्षीय छोटेलाल के रूप में की। उन्होंने बताया कि छोटेलाल अविवाहित थे और तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर थे। परिवार लुधियाना में रहकर मजदूरी करता है, जबकि छोटेलाल गांव में रहकर खेती करते थे। वह घर से कब और किस काम से निकले थे, इसकी जानकारी किसी को नहीं है। सोशल मीडिया पर वायरल फोटो देखने के बाद राजपाल लुधियाना से हरदोई पहुंचे। पहचान की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत चला व्यापक स्वच्छता एवं जनजागरूकता अभियान

**विद्यालयों में निकली जागरूकता रैलियां, गांवों में विशेष साफ-सफाई एवं फॉगिंग अभियान चलाया गया।**

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत मंगलवार को जनपद सोनभद्र में व्यापक स्तर पर स्वच्छता एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान के तहत गांवों में साफ-सफाई, झाड़ियों की कटाई, खराब हैंडपंपों का चिन्हीकरण, नालियों की सफाई सहित विभिन्न गतिविधियां संचालित की गईं। जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार उच्च जोखिम वाले ग्रामों में माइक्रोप्लान के अनुसार विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें सफाईकर्मी, पंचायत सहायक, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं ग्राम प्रधानों की सक्रिय सहभागिता रही। इस दौरान लोगों को संचारी एवं संक्रामक रोगों से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के अंतर्गत जनपद के 136 विद्यालयों में संचारी रोग जागरूकता रैलियां निकाली गईं। ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों द्वारा 23 प्रभात फेरियां आयोजित की गईं, जबकि ग्राम पंचायत अधिकारियों द्वारा 21 ग्रामों में सभाओं का आयोजन कर ग्रामीणों को स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के दौरान विभिन्न गांवों में नालियों की सफाई, स्थानों पर झाड़ियों की कटाई, हैंडपंपों की मरम्मत, हैंडपंप चबूतरों की मरम्मत तथा शौचालयों का निर्माण कराया गया। वहीं नगर पंचायत क्षेत्रों में स्थानों पर नालियों की सफाई एवं वार्डों में फॉगिंग कराई गई। इसके अतिरिक्त पशुपालकों को संचारी रोगों की रोकथाम एवं बचाव के संबंध में जागरूक किया गया तथा कृंतक नियंत्रण के लिए जनपद में बैठकों का आयोजन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान को पूरी गंभीरता एवं प्रभावी ढंग से संचालित करते हुए स्वच्छता, जनजागरूकता एवं रोगों की रोकथाम संबंधी गतिविधियों को निरंतर जारी रखा जाए, ताकि आमजन को सुरक्षित एवं स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

# जिला प्रशासन रातों-रात क्यों करता है कायाकल्प के काम

**प्रदेश के मुखिया के आगमन को लेकर के विकास की रिकवरी हो रही है।**

**अमन लेखनी समाचार**



चित्रकूट। उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 8 व 9 जुलाई का दौरा चित्रकूट में है। माननीय मुख्यमंत्री जी चित्रकूट में करोड़ों रुपए की विकास योजनाओं का लोकार्पण भी करेंगे। उनका विशेष लोकार्पण रामवन गमन मार्ग पहाड़ी में कॉरिडोर बनाने का लक्ष्य मेन है। मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश चित्रकूट आकांक्षी जिले की जनता के समस्याओं के आधार पर विकास योजना का लोकार्पण करेंगें। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के भ्रमण प्रोटोकॉल के अनुसार सड़कें जो गड़बड़ थी दिन-रात काम करके अधिकारियों द्वारा बनाए जा रहा है। नगरों में कस्बों में जो आवारा अन्ना पशु घूम रहे हैं उनको पकड़ने का भी काम दिन रात चालू है। प्रदेश के मुख्यमंत्री देश के प्रधानमंत्री आने पर प्रशासन इतना क्यों हड़बड़ा जाता है। जनपद चित्रकूट में प्रदेश के मुख्यमंत्री ने अरबो रुपए के विकास योजनाओं का अनुदान दे भी चुके हैं। क्या मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के करोड़ों रुपए के योजनाओं के शुभारंभ में अधिकारियों का भ्रष्टाचार फिर से शुरू हो जाता है। पिछले दौर में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश ने महर्षि वाल्मीकि आश्रम में करोड़ों रुपए का पर्यटन विकास देकर गए थे। जिस महंत भारत दास को योगी बाबा जिम्मेदारी देकर गए थे अधिकारी कर्मचारियों ने उनसे भ्रष्टाचार के अनुमति मांगा लेकिन उन्होंने नहीं करने दिया इसी का खामियाज भाजपा के ही कुछ दल बदलू नेता व समाजवादी पार्टी के नेता आश्रम के पर्यटन में ग्रहण लगा दिए। क्या राज्य सरकार व केंद्र सरकार द्वारा दिए गए अरबो रुपए के विकास की गाड़ी को दौड़ाने के लिए जब वह आते हैं तब दिन रात काम अधिकारी क्यों करते हैं। मंदाकिनी नदी सफाई में वृक्षारोपण में करोड़ों रुपए सरकार देती हैं वह भी ना के बराबर काम दिखता है। इसी प्रकार मऊ मानिकपुर विधायक के भतीजे का तिलक था जिसमें बड़े-बड़े पदाधिकारी नेताओं को आना था। विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी ने दो-तीन दिन में युद्ध स्तर पर काम कर करके पुरी रोड बनवा दिया था। अब देखना है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री का चित्रकूट दौरा किन मुद्दों को लेकर है यदि वह एक बार यहां के भ्रष्टाचार पर नजर डाले तो कई अधिकारियों के लाले पड़ सकते हैं।

# डॉक्टर्स डे पर इनर व्हील क्लब ने चिकित्सक को किया सम्मानित, महिलाओं को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

**अमन लेखनी समाचार**




रेणुकूट (सोनभद्र)। इनर व्हील क्लब रेणुकूट की ओर से डॉक्टर्सडे के अवसर पर स्थानीय मॉल स्थित एक होटल में सम्मान एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. प्रेमलता यादव को पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. प्रेमलता यादव ने इनर व्हील क्लब द्वारा समाजहित में किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि क्लब का सामाजिक योगदान अत्यंत सराहनीय है और इस प्रकार के कार्यक्रम महिलाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने उपस्थित महिलाओं एवं किशोरियों को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाए रखने, संतुलित एवं पौष्टिक भोजन करने तथा संक्रमण से बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने महिलाओं द्वारा पूछे गए विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी प्रश्नों के उत्तर भी दिए। कार्यक्रम के अंत में क्लब की ओर से महिलाओं को खाद्य सामग्री एवं सैनिटरी पैड वितरित किए गए। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष ममता अग्रवाल, सचिव संध्या सिंह, उपाध्यक्ष ममता बंसल, उदिता बनर्जी, विनीता बंसल, अनीता साहनी, शीतल दहलान, सारिका मावंडिया, अंशु अग्रवाल, हनी सोमानी, अर्चना उपाध्याय, वैशाली डे, अंजली यादव, मीरा चौबे, मंजू अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

# जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने राजकीय जिला पुस्तकालय का किया औचक निरीक्षण

**पुस्तकालय को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित कर ज्ञान, नवाचार एवं डिजिटल शिक्षा का केंद्र बनाने पर दिया जोर।**

**अमन लेखनी समाचार**

सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने आज राजकीय जिला पुस्तकालय का औचक निरीक्षण कर वहां उपलब्ध व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुस्तकालय परिसर की स्वच्छता, अध्ययन कक्ष, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, बैठने की सुविधा, पुस्तक संग्रह, डिजिटल संसाधनों तथा पाठकों को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान पुस्तकालय में उपलब्ध सभी मूलभूत सुविधाएं संतोषजनक पाई गईं। जिलाधिकारी ने पुस्तकालय में अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों से संवाद कर उनकी आवश्यकताओं एवं सुझावों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय केवल पुस्तकों का संग्रहालय नहीं, बल्कि युवाओं के भविष्य निर्माण का महत्वपूर्ण केंद्र है। ऐसे में यहां गुणवत्तापूर्ण, अद्यतन एवं उपयोगी अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पुस्तकालय में संघ लोक सेवा आयोग (वढरउ), उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (वढढरउ), एसएससी, बैंकिंग, रेलवे, पुलिस भर्ती, एनडीए, सीडीएस, टीईटी, सीटीईटी, नीट, जेईई तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित नवीनतम पुस्तकों, संदर्भ ग्रंथों, राष्ट्रीय स्तर की पत्रिकाओं एवं करंट अफेयर्स सामग्री की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि जनपद के विद्यार्थियों एवं युवाओं को बेहतर अध्ययन संसाधन उपलब्ध हो सकें। निरीक्षण के उपरांत जिलाधिकारी ने राजकीय जिला पुस्तकालय में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की। बैठक में पुस्तकालय के समग्र विकास, सदस्यता विस्तार, डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना, ई-ग्रंथालय पोर्टल से अधिकाधिक पाठकों को जोड़ने, करियर काउंसिलिंग एवं तनाव प्रबंधन कार्यशालाओं के नियमित आयोजन तथा पुस्तकालय को आधुनिक तकनीक से सुसज्जित किए जाने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में पुस्तकालय की सदस्य संख्या बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। इसके अंतर्गत जनपद के राजकीय एवं सहायता प्राप्त विद्यालयों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों तथा अन्य शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं को पुस्तकालय की सदस्यता से जोड़ने के लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। साथ ही सूचना विभाग के सहयोग से पुस्तकालय की गतिविधियों का व्यापक प्रचार-प्रसार भी कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पुस्तकालय में डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए ई-लाइब्रेरी, कंप्यूटर एवं टैबलेट जैसी आधुनिक सुविधाओं का विस्तार किया जाए तथा पुस्तकालय को विद्यार्थियों, शोधार्थियों और आम नागरिकों के लिए अधिक उपयोगी एवं आकर्षक बनाया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि पुस्तकालय में समय-समय पर प्रेरक व्याख्यान, पुस्तक परिचर्चा, करियर मार्गदर्शन एवं व्यक्तित्व विकास से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए जाएं, जिससे युवाओं को सकारात्मक दिशा मिल सके। बैठक में पुस्तकालय के दीर्घकालिक विकास हेतु सीएसआर (उरफ) के माध्यम से बहुउद्देशीय हॉल, डिजिटल लाइब्रेरी तथा अन्य आवश्यक आधारभूत सुविधाओं के विकास की संभावनाओं पर भी चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि राजकीय जिला पुस्तकालय को जनपद में ज्ञान, अध्ययन, नवाचार एवं प्रतिस्पर्धी परीक्षा की तैयारी का उत्कृष्ट केंद्र बनाया जाएगा, जिससे अधिकाधिक युवा लाभान्वित होकर अपने उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर सकें। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# एसडीएम-महिला लेखपाल विवाद गहराया

**बार एसोसिएशन का कार्य बहिष्कार**

**अमन लेखनी समाचार**

शाहाबाद(हरदोई)। शाहाबाद तहसील में महिला लेखपाल, उनके अधिवक्ता पिता और उपजिलाधिकारी (एसडीएम) के बीच हुए विवाद ने अब तूल पकड़ लिया है। महिला लेखपाल ने एसडीएम के खिलाफ कोतवाली शाहाबाद में तहरीर देकर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। वहीं बार एसोसिएशन शाहाबाद ने एसडीएम न्यायालय के कार्य का बहिष्कार करते हुए आंदोलन जारी रखने का निर्णय लिया है। दूसरी ओर एसडीएम सुशील कुमार मिश्रा ने अपने ऊपर लगाए गए आरोपों को असत्य बताते हुए निष्पक्ष जांच कराए जाने की बात कही है। महिला लेखपाल पूजा द्वारा कोतवाली शाहाबाद में दी गई तहरीर के अनुसार, 6 जुलाई 2026 को शाम करीब 5-10 बजे उन्हें एसडीएम सुशील कुमार मिश्रा ने अपने कार्यालय कक्ष में बुलाया। आरोप है कि बातचीत के दौरान एसडीएम ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया, आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया तथा उनका हाथ पकड़ने का प्रयास किया। विरोध करने पर उन्होंने अपने पिता अधिवक्ता राकेश कुमार को फोन कर बुलाया। तहरीर में यह भी आरोप लगाया गया है कि उनके पिता के कार्यालय पहुंचने पर उनके साथ भी अभद्र व्यवहार किया गया और उन्हें कार्यालय से बाहर कर दिया गया। महिला लेखपाल ने एसडीएम के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। घटना के बाद बार एसोसिएशन, तहसील शाहाबाद की आपात बैठक अध्यक्ष विमलेश सिंह लोधी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में घटना की कड़ी निंदा करते हुए एसडीएम की कार्यशैली पर नाराजगी व्यक्त की गई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया। गया कि अधिवक्ता एसडीएम न्यायालय के कार्य का बहिष्कार करेंगे। साथ ही एसडीएम के स्थानांतरण तथा उनके विरुद्ध विभागीय और विधिक कार्रवाई की मांग की गई। बार एसोसिएशन ने स्पष्ट किया कि मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा। उधर, उपजिलाधिकारी सुशील कुमार मिश्रा ने पत्रकारों के समक्ष अपना पक्ष रखते हुए कहा कि उनके विरुद्ध लगाए गए सभी आरोप असत्य हैं। उन्होंने कहा कि महिला लेखपाल, उनके पिता तथा अन्य लोगों से जुड़े घटनाक्रम को तथ्यों से हटकर प्रस्तुत किया जा रहा है। पूरे मामले का रिकॉर्ड प्रशासन के पास सुरक्षित है और प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसी के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने तथा जांच पूरी होने तक संयम बनाए रखने की अपील की। फिलहाल शाहाबाद तहसील का यह मामला प्रशासन और अधिवक्ताओं के बीच टकराव का विषय बना हुआ है। एक ओर महिला लेखपाल और बार एसोसिएशन एसडीएम के विरुद्ध कार्रवाई की मांग कर रहे हैं, जबकि दूसरी ओर एसडीएम ने सभी आरोपों को असत्य बताते हुए निष्पक्ष जांच पर भरोसा जताया है। मामले में दोनों पक्षों के दावे सामने आ चुके हैं।

# अन्य पिछड़ा वर्ग के बेरोजगार युवाओं के लिए नि:शुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना में आवेदन की अंतिम तिथि 10 जुलाई

**पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने पात्र अभ्यर्थियों से समय रहते ऑनलाइन आवेदन करने की अपील की।**

**अमन लेखनी समाचार**

सोनभद्र। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के न्यूनतम इंटरमीडिएट उत्तीर्ण शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए वर्ष 2026-27 में निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना संचालित की जा रही है। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने बताया कि ऐसे अभ्यर्थी, जिनके माता-पिता/अभिभावकों की सभी स्त्रोतों से वार्षिक आय 1.00 लाख से अधिक नहीं है, वे 16 जून 2026 से 10 जुलाई 2026 तक विभागीय वेबसाइट obccomputertraining.upsdc.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन आवेदन करने के उपरांत उसकी प्रति डाउनलोड कर सभी आवश्यक अभिलेखों के साथ निर्धारित तिथि तक जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय, विकास भवन, लोढ़ी, सोनभद्र में हार्डकॉपी जमा करना अनिवार्य है। योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए इच्छुक अभ्यर्थी जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, कक्ष संख्या-37, विकास भवन, लोढ़ी, सोनभद्र अथवा मोबाइल नंबर 9369963358 पर संपर्क कर सकते हैं। जिला प्रशासन ने पात्र अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे अंतिम तिथि की प्रतीक्षा किए बिना समय रहते आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर योजना का लाभ प्राप्त करें।


**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।


**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**



## नए सितारों से सजी 'रहूं मैं तेरे रूबरू' का ट्रेलर जारी...

**मुंबई।** फिल्म 'रहूं मैं तेरे रूबरू' का ट्रेलर सामने आ चुका है। इसमें सस्पेंस है, थ्रिल है और एक्शन भी है। मर्डर मिस्ट्री और लव ट्रायएंगल सहित इस फिल्म में कई दिलचस्प ट्विस्ट हैं। इस फिल्म में आर्य कुमार, नीता शेट्टी और पीहू बिस्वास जैसे नए कलाकार अहम भूमिकाओं में हैं। फिल्म 'रहूं मैं तेरे रूबरू' का निर्देशन इंद्र दास ने किया है। इसे एसएस एंटरटेनमेंट वर्ल्ड के बैनर तले सुमन सौरभ ने प्रोड्यूस किया है। रहूं मैं तेरे रूबरू' 17 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मंगलवार को रिलीज हुए इस फिल्म के ट्रेलर में आज की तकनीक और इंटरनेट की दुनिया के जीवन पर हो रहे नकारात्मक असर को दिखाने की भी कोशिश की गई है।


लाइफ Style

## कृति
## मैंने करवा लिए एग्ज फ्रीज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

एक्टर कृति सेनन ने बताया है कि उन्होंने अपनी फिल्म 'मिमी' की तैयारी के दौरान अपने एग्स फ्रीज करवाने का फैसला किया था। उन्होंने इसे अपने लिए लिए गए 'सबसे समझदारी भरे' फैसलों में से एक बताया है।

हाल ही में हुए एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि यह फैसला फिल्म के लिए उनके फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन (शारीरिक बदलाव) के समय के साथ मेल खाता था, इसलिए यह प्रोसेस करवाने का यह सबसे सही मौका था। 35 साल की एक्ट्रेस ने बताया कि एग फ्रीजिंग से अक्सर ब्लोटिंग (पेट फूलना) और हार्मोनल बदलाव होते हैं। चूंकि उन्हें 'मिमी' फिल्म में अपने रोल के लिए वजन बढ़ाना था, इसलिए उन्हें लगा कि यही सही समय है जब वे यह प्रोसेस करवा सकती हैं। उन्होंने कहा, 'मैंने एक व्यक्ति से बात की थी, जिन्होंने मुझे बताया कि अगर आप कर सकती हैं, तो यह आपके लिए सबसे अच्छी चीज है। यह सबसे अच्छा तोहफा है जो आप खुद को दे सकती हैं। यह बात मेरे दिमाग में रही। फिर, जब मुझे वजन बढ़ाने के लिए कहा गया, तो मुझे लगा कि यही सही समय है'। एक्ट्रेस ने इस प्रोसेस के इमोशनल और फिजिकल असर के बारे में भी बात की। उन्होंने बताया कि इस प्रोसेस की वजह से काफी हार्मोनल बदलाव हुए और इसे करवाते समय उन्हें कई तरह की भावनाएं महसूस हुईं। एक्ट्रेस ने बताया कि उनका मानना है कि जिंदगी के बड़े फैसले समाज की उम्मीदों के बजाय अपनी निजी तैयारी के आधार पर लिए जाने चाहिए।



हॉलीवुड मसाला



## पार्टी रॉक एंथम के लिए थीं मशहूर

लॉस एंजिल्स। ब्रिटिश सिंगर लॉरेन बेनेट का 37 साल की उम्र में निधन हो गया है। वह 'पार्टी रॉक एंथम' में अपनी परफॉर्मेंस और जीएलआर की फाउंडिंग मेंबर के तौर पर जानी जाती थीं। उनके बैंड के साथियों ने एक भावुक बयान में उनके निधन की पुष्टि की। बैंड ने उनके जीवन व योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी है। लॉरेन बेनेट ने अपने म्यूजिक करियर की शुरुआत 2006 में यूनाइटेड किंगडम में 'द एक्स फैक्टर' के तीसरे सीजन से की थी।




## लंदन इंडियन फिल्म फेस्टिवल में दिखाई जाएगी 52 ब्लू...

**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस नेहा धूपिया अपनी पहली इंटरनेशनल फीचर फिल्म '52 ब्लू' के प्रीमियर के लिए तैयार हैं। यह फिल्म मशहूर लंदन इंडियन फिल्म फेस्टिवल का हिस्सा है। इसका यूरोपियन प्रीमियर 9 जुलाई को बीएफआई साउथबैंक में होगा। नेहा की शानदार परफॉर्मेंस के लिए फिल्म को पॉजिटिव फीडबैक मिला है। दर्शकों और रिव्यूअर्स, दोनों ने ही फिल्म की इमोशनल गहराई की तारीफ की है, जिससे '52 ब्लू' इस साल फेस्टिवल की सबसे ज्यादा इंतजार की जाने वाली स्क्रीनिंग में से एक बन गई है। नेहा धूपिया ने इस खास पल के बारे में बात करते हुए अपना उत्साह जाहिर किया। उन्होंने कहा ''52 ब्लू' मेरे लिए हमेशा एक बेहद खास फिल्म रहेगी क्योंकि यह मेरा पहला इंटरनेशनल प्रोजेक्ट है।



## ताज जीतने के 50 साल पूरे, मनाया जश्न

**नई दिल्ली।** पूर्व ब्यूटी क्वीन नफीसा अली ने मिस इंडिया का ताज जीतने के 50 साल पूरे होने की खुशी मनाई है। इस खुशी में नफीसा ने सोशल मीडिया पर कई पुरानी तस्वीरें साझा की हैं और इसके साथ ही एक खास नोट भी लिखा है। नफीसा ने इंस्टाग्राम पर अपनी कई पुरीनी तस्वीरें साझा की हैं। इन तस्वीरों के साथ नफीसा ने कैप्शन में लिखा, '50 साल पहले मुझे 'मिस इंडिया' का ताज पहनाया गया था।' उन्होंने 1976 में यह खिताब जीता था। इसके बाद उन्होंने टोक्यो में हुए 'मिस इंटरनेशनल 1976' कॉम्पिटिशन में भारत का नाम रोशन किया था और वहां वह सेकंड रनर-अप रही थीं। 69 साल की नफीसा अली ने 2018 में स्टेज 3 के पेट और ओवरी के कैंसर से जंग लड़ी और उसे हराया। अप्रैल 2026 में उन्होंने अपनी सर्जरी के निशान और कीमोथेरेपी की बातें भी फैंस के साथ साझा की थीं।



## इंसानों व कुत्तों के बीच रिश्ते की कहानी

**मुंबई।** अमित राय अपनी अगली फिल्म 'ओह माय डॉग' लेकर आ रहे हैं। इससे पहले उन्होंने 'ओह माय गॉड 2' का निर्देशन किया था। उनकी नई फिल्म का टीजर रिलीज हो गया है। टीजर में इंसानों और कुत्तों के बीच बिना शर्त प्यार और वफादारी की एक कहानी की झलक दिखती है। टीजर की शुरुआत अमिताभ बच्चन के मशहूर गाने 'मेरे पास आओ मेरे दोस्तों, एक किस्सा सुनो' से होती है, जो तुरंत पुरानी यादें ताजा कर देता है। साथ ही कहानी की मासूमियत, अपनापन और इमोशनल गहराई को खूबसूरती से दिखाता है। यह फिल्म 31 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म 'ओह माय डॉग' में माही राय, पंकज त्रिपाठी, गीता अग्रवाल शर्मा, राजेश कुमार, पवन मल्होत्रा, सुलक्षणा बरुआ और विजय मिश्रा नजर आएंगे।

टीवी मसाला



## पति के 10 अफेयर हों तो भी उन्हें कभी नहीं छोड़ूंगी : सुनीता

**नई दिल्ली।** मशहूर बॉलीवुड अभिनेता गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा इन दिनों रियलिटी शो 'लॉक अप सच या सजा में नजर आ रही हैं और साथ ही अपने बयानों से जमकर सुर्खियां भी बटोर रही हैं। इसी शो के दौरान सुनीता ने अपने पति गोविंदा को लेकर एक ऐसी बात कही है, जिसे सुनकर इस शो के होस्ट फराह खान और रितेश देशमुख भी दंग रह गए। उन्होंने कहा है कि चाहे उनके पति गोविंदा के दस महिलाओं के साथ संबंध ही क्यों न हों, वह उन्हें कभी नहीं छोड़ेंगी। सुनीता ने यह बात नेटफ्लिक्स के रियलिटी शो 'लॉक अप सच या सजा' में कही, जिसे फराह खान और रितेश देशमुख होस्ट कर रहे हैं। इस शो में वाइल्डकार्ड एंट्री के तौर पर आईं अभिनेत्री शिल्पा शिंदे ने सुनीता के उन पुराने बयानों पर बात की। इस पर सुनीता भड़क गईं और उन्होंने शिल्पा से कहा कि लोगों को पहले उनकी जगह रहकर देखना चाहिए, उसके बाद ही कोई राय बनानी चाहिए। सुनीता ने कहा, 'जब यह सब आपके साथ होगा, तब आपको समझ आएगा कि मैं किस दौर से गुजरी हूं। यह मेरी जिंदगी है और मैं जो चाहूंगी, वही करूंगी।' उन्होंने आगे कहा, 'गोविंदा मेरा पति है, अगर वह 10 जगह भी अफेयर करेंगे, तो भी मैं उसे नहीं छोड़ूंगी। मैं अपनी आखिरी सांस तक उससे प्यार करूंगी।' बाद में सुनीता ने शो के दूसरे कंटेस्टेंट राम कपूर से भी शिल्पा शिंदे की शिकायत की। उन्होंने गुस्से में कहा, 'शिल्पा मुझे उकसा रही है।

### शिवांगी को रोता देख आग-बबूला हुए हर्षद

**नई दिल्ली।** शो 'लॉकअप 2' इन दिनों झगड़ा, विवादों की वजह से चर्चा में है। इस रियलिटी शो में हाल ही में एक बड़ा हंगामा हुआ। इंफ्लुएंसर श्रेया कालरा की वजह से एक्ट्रेस शिवांगी जोशी फूट-फूटकर रोईं। शिवांगी को ऐसे देखकर उनके दोस्त और पुराने को-एक्टर हर्षद चोपड़ा का पारा चढ़ गया। हर्षद श्रेया से लड़ने के लिए शो में दौड़ पड़े थे। 'लॉकअप 2' के वायरल वीडियो में हर्षद चोपड़ा के सामने शिवांगी रो रही हैं। वह बताती हैं कि उन्होंने श्रेया से सच में पूछा कि क्या उनकी तबियत खराब है। इस पर श्रेया ने शिवांगी के साथ बदतमीजी से बात की। इससे वह दुखी हो गईं और हर्षद चोपड़ा और आकांक्षा चमोला के सामने रोने लगीं। यह देखकर हर्षद गुस्से में श्रेया को तलाशने के लिए दौड़ पड़े। ऐसे में शिवांगी और आकांक्षा ने हर्षद को किसी तरह से रोका। इस दौरान काफी शोर-शराबा हुआ जिसे सुनकर बाकी प्रतियोगी भी एक जगह पर आ गए।



## आवारापन 2 का पहला गाना जुनून रिलीज
## सुबोध ने दी है आवाज....

**मुंबई।** आवारापन 2 के निर्माताओं ने मंगलवार को इमरान हाशमी की फिल्म का पहला गाना जुनून रिलीज कर दिया है। इस गाने के बोल शहीद कादरी ने लिखे हैं और मिथुन ने कंपोज किया है। इस गाने को गायक सुबोध शर्मा ने गाया है। इस गाने में इमरान हाशमी से लेकर दिशा पाटनी और श्रेया सरन की खास झलक देखने को मिली। फिल्म 'आवारापन 2', 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में इमरान हाशमी और दिशा पटानी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म में श्रेया सरन का भी अहम रोल है। इमरान ने इंस्टाग्राम पर अपने इस गाने को साझा किया और कैप्शन में लिखा, 'इस आवारापन के जुनून में होना है तबाह।'



एक यूजर ने लिखा, 'इस गाने की रचना थोड़ी 'सैयारा' से मिलती जुलती लग रहा है' दूसरे यूजर ने लिखा, 'श्रेया सरन के पुराने सींस को देखकर अच्छा लगा।' एक और यूजर ने लिखा, 'आवारापन के गानों की बात ही अलग थी' एक यूजर ने इमरान के लिए लिखा, 'अक्खा बॉलीवुड एक तरफ और इमरान हाशमी एक तरफ'। एक और यूजर ने लिखा, 'शिवम वापस आ गया है'। एक और यूजर ने लिखा, 'इस फिल्म को कोई नहीं रोक सकता, पहले दिन ही हिट हो जाएगी'।

## 1975 में बैन कर दी गई थी फिल्म सिक्किम 1971

**नई दिल्ली।** आज हम आपको बताने जा रहे हैं एक ऐसी डॉक्यूमेंट्री फिल्म के बारे में जिसका काफी ज्यादा ऐतिहासिक महत्व है। यह फिल्म तब बनी जब सिक्किम भारत का हिस्सा भी नहीं था। इसे बनाया था लीजेंडरी फिल्ममेकर सत्यजीत रे ने। इस फिल्म की रिलीज के बाद इस पर विवाद हो गया और भारत सरकार ने इसे बैन कर दिया। लोग इस फिल्म का नाम तक भूल गए थे, लेकिन फिर साल 2010 में इसे फिर से रिलीज किया गया और इस मूवी ने तहलका मचा दिया।

***सत्यजीत रे साहब ने खोल दी पोल :*** बात साल 1971 की है जब सिक्किम के राजा ने उस दौर के आइकॉनिक फिल्ममेकर रहे सत्यजीत रे से विनती की, कि वह उनके ऊपर एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म बनाएं। क्योंकि ,सत्यजीत रे साहब सच्ची और पक्की फिल्ममेकिंग में मानते थे, इसलिए उन्होंने सिक्किम के तत्कालीन राजा के राज्य के बारे में लगभग सब कुछ दिखा डाला। यानि उन्होंने इस डॉक्यूमेंट्री में उनके राज्य की अच्छाइयां और बुराइयां तो दिखाई हीं, साथ ही



साथ विदेशी पर्यटकों की हालत और राजसी परिवार और आम लोगों की जिंदगी में कितना फर्क है यह भी दिखाया।

***भारत सरकार ने लगा दिया था बैन :*** कहानी में ट्विस्ट तब आया जब साल 1975 में सिक्किम राज्य भारत का हिस्सा बन गया। सिक्किम 22वें राज्य के तौर पर भारतीय गणराज्य का हिस्सा बना और जब इतना सारा राजनीतिक उठापटक चल रहा था, तो इस बीच सत्यजीत रे की यह डॉक्यूमेंट्री विवादों में घिर गई। सरकार ने इसे बैन कर दिया और लोग मानने लगे कि यह फिल्म पूरी तरह नष्ट कर दी गई है। सरकार ने भी राहत की सांस ली, वक्त बीतता गया और फिर कई दशक बाद ब्रिटिश फिल्म इंस्टीट्यूट को एक डैमेज्ड प्रिंट मिला। इस प्रिंट में क्या था?

### साल 2010 में फिर से हुई रिलीज

इस प्रिंट में सत्यजीत रे की वही डॉक्यूमेंट्री थी, जिसने उस दौर में तहलका मचा दिया था। एकेडमी फिल्म आर्काइव ने दोबारा इस पूरी फिल्म को रीस्टोर किया और फिर साल 2010 में सरकार ने इस पर लगाया गया बैन हटा दिया। यानि अब अगर आप चाहें तो इस डॉक्यूमेंट्री फिल्म को बेधड़क देख सकते हैं। अब सवाल उठता है कि आखिर यह फिल्म थी कौन सी? तो इस डॉक्यूमेंट्री फिल्म का नाम था 'सिक्किम 1971'। इसका टाइटल काफी सीधा सा रखा गया था और लेकिन इसका कॉन्टेंट काफी डीप था।

### पुरुष समाज का दर्द दिल किया है बयां, हर किसी की आंखें कर दी थीं नम
## रफी ने गाया था यह दर्द भरा गीत, कल्ट क्लासिक है 56 साल पुराना गाना

*नई दिल्ली। सिनेमा जगत के महान गायक के तौर पर आज भी मोहम्मद रफी को जाना जाता है। अपने सुनहरे सिंगिंग करियर के दौरान उन्होंने हर किस्म के गीतों को आवाज दी थी और उन्हें अमर किया था। लेकिन, सैड सॉन्ग के मामले में रफी साहब एक अलग दर्जे के सिंगर के तौर पर पहचाने जाते थे। इसी आधार पर आज हम आपको मोहम्मद रफी द्वारा गाया एक ऐसे कल्ट क्लासिक सैड सॉन्ग के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसे सबसे सर्द भरे गीत के तौर भी जाना जाता है।*

### किसने तैयार किया गाना

बात की जाए फिल्म हीर रांझा के ये दुनिया ये महफिल की मेकिंग की तो मोहम्मद रफी की गायिकी के अलावा इसकी धुनों को मशहूर संगीतकार मदन मोहन अपने धुनों पर तैयार किया था, जबकि इसके लिरिक्स को कैफी आजमी गीतकार ने लिखा था। इस तरह से ये कल्ट क्लासिक सैड सॉन्ग रेडी हुआ था।



### 1970 में रिलीज हुई थी हीर रांझा

जब मोहम्मद रफी सैड सॉन्ग गाते थे, तो मानों ऐसा लगता कि उन्होंने सच में अपने दिल का दर्द आवाज में उतार के रख दिया है। उनकी आवाज से गाने की खूबसूरती और बढ़ जाती थी, जिसे सुनने के बाद दिल और आंखें भरा आती थी। ऐसा ही करिश्मा रफी साहब ने साल 1970 में रिलीज होने वाली फिल्म हीर रांझा के एक गीत के लिए किया था।

### राज कुमार पर फिल्माया गया गाना

जब उन्होंने ये दुनिया ये महफिल... गीत गाया था। अभिनेता राज कुमार पर फिल्माया गया मोहम्मद रफी का ये गाना आज भी बॉलीवुड के बेस्ट एवर सैड सॉन्ग के तौर पर जाना जाता है। इस गाने को सुनने के बाद यकीनन तौर पर आपकी भी आंखें भर आएंगी। कुल मिलाकर कहा जाए, तो पुरुष समाज का दर्द दिल बयां करने के लिए रफी साहब के ये दुनिया ये महफिल को जाना जाता है। इस वजह से ये हर किसी का फेवरेट भी माना जाता है। अगर आप भी मोहम्मद रफी के गानों को सुनना पसंद करते हैं तो यकीनन तौर पर आपकी प्लेलिस्ट में ये दर्द भरा गीत जरूर शामिल होगा।